इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
■ डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
■ प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
■ आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 अंक -305 राजनांदगांव, मंगलवार 24 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# आसमान से बरसी मौत : बिजली गिरने से खंडहरनुमा मकान में छिपे 6 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत





## बारिश से बचने के लिए रुके थे पुराने मकान में

वहीं इस पूरे मामले कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि, आकाशीय बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हुई है। मामले में जांच की जा रही है, बारिश से बचने के लिए सभी यहां रूके हुए थे। इस दौरान यह हादसा हुआ हो गया, जिसमें 6 स्कूली बच्चों और दो अन्य व्यक्तियों के साथ ही एक व्यक्ति घायल हुआ है. शासन प्रशासन के नियम अनुसार मृतकों को मुआवजा दिया जाएगा।

## कलेक्टर-एसपी पहुंचे मौके पर

घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग और जिला शिक्षाधिकारी के अलावा मेडिकल टीम गांव पहुंची। जहां तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के बाद से इलाके में शोक की लहर है।

## इसी कमरे में हुई 8 लोगों की मौत

मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई और मनगटा के बीच का है। जहां करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई। उस वक्त गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे भोजन अवकाश पर मैदान में खेल रहे थे और वो आकाशीय बिजली के चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही 6 बच्चों की मौत हो गई। कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है।

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम जोरातराई-मनगट्टा के पास आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 8 लोगों की मौत हो गई। एक खंडहरनुमा मकान के पास कुछ लोग और बच्चे रुके हुए थे। तभी अचानक बिजली गिरने से 2 पुरुषों और 6 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं बिरेझर गांव में तीन लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत और दो की गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।

जोरातराई स्कूल के शिक्षक राजेश साहू ने बताया कि अंग्रेजी की तिमाही की परीक्षा देकर सारे बच्चे अपने घरों के लिए निकल गए थे। इसी बीच बारिश होने व अचानक आकाशीय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की



**सीएम ने 4-4 लाख की सहायता अनुदान राशि देने दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई में आकाशीय बिजली गिरने से 8 लोगों की मृत्यु हो गई है। शासन के नियमानुसार मृतकों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। आकाशीय बिजली गिरने से 6 बच्चे तथा 2 लोगों की मृत्यु हो गई है। एक व्यक्ति घायल है, जिसका ईलाज किया जा रहा है। वह खतरे से बाहर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शासन के नियमों के तहत मृतकों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत सहायता अनुदान राशि तत्काल स्वीकृत की गई। मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए गए। घटना स्थल में आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे।

## 'वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए नए मैदान तैयार' यूएस में बोले पीएम मोदी आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुट होना जरूरी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में 79वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित किया। 'समिट ऑफ द फ्यूचर' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जून में अभी मानव इतिहास के सबसे बड़े चुनावों में भारत के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है और आज मैं इसी मानवता के छठे हिस्से की आवाज आप तक पहुंचाने आया हूं।

पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि जब हम ग्लोबल फ्यूचर की बात हम कर रहे हैं तो मानव केंद्रित दृष्टिकोण सर्वप्रथम होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक शांति एवं विकास के लिए ग्लोबल संस्थाओं में सुधार आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि अफ्रीकन यूनियन को नई दिल्ली समिट में जी-20 की स्थायी सदस्यता, इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

### तैयार हो रहे संघर्ष के नए मैदान

पीएम मोदी ने कहा, वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए के लिए एक तरफ आतंकवाद जैसा बड़ा खतरा है तो दूसरी तरफ साइबर, स्पेस जैसे अनेक संघर्ष के नए-नए मैदान भी बन रहे हैं। इन सभी विषयों पर मैं जोर देकर कहूंगा कि वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खानी चाहिए। हमें ऐसी ग्लोबल डिजिटल गवर्नेंस चाहिए, जिससे राष्ट्रीय संप्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रहे। अफ्रीकन यूनियन को नई दिल्ली समिट में जी-20 की स्थायी सदस्यता इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए के लिए एक तरफ आतंकवाद जैसा बड़ा खतरा है तो दूसरी तरफ साइबर, स्पेस जैसे अनेक संघर्ष के नए-नए मैदान भी बन रहे हैं।(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इजरायल ने लेबनान पर किए ताबड़तोड़ हवाई हमले; 274 लोगों की मौत, 1000 घायल



लेबनान । इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच लड़ाई खत्म होने का नाम नहीं ले रही। अब इजरायल ने हिज्बुल्लाह पर 23 सितंबर को भीषण हवाई हमला किया। दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों में 274 लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और डॉक्टर शामिल हैं। इजरायली सेना ने लेबनान में हिज्बुल्लाह के करीब 300 ठिकानों पर एक साथ बमबारी की है। इजरायल ने लेबनान में लोगों को तुरंत अपने घरों और इमारतों को छोड़ने की चेतावनी दी है।

लेबनानी सरकार का कहना है कि उनके देश के लोगों को 80 हजार से अधिक संदिग्ध इजरायली कॉल मिले हैं। इनमें लोगों को अपने घर खाली करने के लिए कहा गया है। टेलीकॉम कंपनी ओगेरो के प्रमुख इमाद क्रेडीह ने मीडिया को इसको लेकर पुष्टि की है। इस तरह के कॉल तबाही और अराजकता पैदा करने के लिए एक मनोवैज्ञानिक जंग की तरह हैं। इजरायल की ये घोषणा जंग के आगाज के तौर पर देखी जा रही है।

बता दें कि रविवार को हिज़्बुल्लाह ने इजरायल पर ताबड़तोड़ हमले किए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार तड़के हिज्बुल्लाह ने उत्तरी इजरायल में 100 से अधिक रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन दागे थे, जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई थी। इन हमलों के बाद इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा था कि हिज्बुल्लाह लगातार उनके लोगों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमित शाह बोले- जिसकी रैलियों में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे हरियाणा के लोग नहीं देंगे उसका साथ



फतेहाबाद। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी कश्मीर की जनसभाओं में कह रहे हैं कि कांग्रेस सरकार बनने पर कश्मीर में 370 वापस लाई जाएगी और आतंकियों को छोड़ देंगे। वह राहुल बाबा को बताना चाहते हैं कि उनकी कितनी भी पीढ़ियां आ जाए, धारा 370 कभी वापस नहीं आएगी, यह अब इतिहास बनकर रह गई है। अमित शाह सोमवार को टोहाना में भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र बबली के समर्थन में आयोजित जन आशीर्वाद रैली को संबोधित कर रहे थे।

### कांग्रेस को माफ नहीं करेगी हरियाणा की जनता

अमित शाह ने कहा कि आज कांग्रेस की रैलियों में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लग रहे हैं। जिस पार्टी की जनसभाओं में ऐसे नारे लगे, हरियाणा के लोग कभी उसका साथ नहीं दे सकते। यहां के युवाओं ने अपना खून देश की रक्षा के लिए बहाया है। हरियाणा से हर 10वां जवान आज देश की सुरक्षा में लगा है। उन्होंने कांग्रेस पर दलित विरोधी होने, सिक्खों का अपमान करने के आरोप लगाए। साथ ही भाजपा के कार्यों का वर्णन करते हुए कहा कि 200 करोड़ रुपए फतेहाबाद जिले के किसानों को पीएम सम्मान निधि के तहत दिए जा चुके हैं। हर घर में शौचालय, पानी, गैस पहुंचाने का काम किया है।

### हुड्डा सरकार के दंगों की दिलाई याद

अमित शाह ने हरियाणा में हुड्डा सरकार के समय हुए दंगों की भी याद दिलाते हुए कहा कि पहले हरियाणा में केवल दो दलों की सरकार आती-जाती थी। एक दल में भ्रष्टाचार बढ़ता था तो दूसरे दल के आने पर गुण्डागर्दी बढ़ती थी। दोनों दलों में परिवारवाद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'ऐतिहासिक कानूनों से तेज हुई विकास की गति', ओम बिरला बोले- विकास की चुनौतियां दूर करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी



नई दिल्ली। संसद भवन परिसर में आयोजित 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों की कार्यकुशलता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल दिया। साथ ही कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं कार्यपालिका की जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करके शासन को अधिक जिम्मेदार व कुशल बनाती हैं।

उन्होंने कहा कि समावेशी विकास के मार्ग में आने वाली चुनौतियों और बाधाओं का समाधान करना जनप्रतिनिधियों व विधायी निकायों की जिम्मेदारी है। 'सतत एवं समावेशी विकास में विधायी निकायों की भूमिका' विषय पर आयोजित अधिवेशन में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत का संविधान समावेशी शासन की भावना का सबसे सशक्त उदाहरण है।

### ऐतिहासिक कानूनों से तेज हुई विकास की गति

उन्होंने कहा कि भारत की संसद द्वारा पारित ऐतिहासिक कानूनों से भारत में विकास की गति तेज हुई है और इससे भारत की प्रगति और अधिक समावेशी हुई है, जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायी संस्थाओं के सहयोग और समर्थन के बिना आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं होगा।

उन्होंने पीठासीन अधिकारियों और विधायकों से आग्रह किया कि वे इस बात पर चिंतन करें कि पिछले सात दशकों की यात्रा में देश के विधायी निकाय के रूप में वे लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में कहां तक सफल रहे हैं। इस आत्ममंथन के बिना समावेशी विकास का सपना साकार नहीं हो सकता। इस अवसर पर राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और राज्य विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आतिशी ने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला, लेकिन बगल में छोड़ी खाली कुर्सी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने आज सोमवार को मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने दिल्ली सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री पद का कार्यभार ग्रहण किया। हालांकि, मुख्यमंत्री आतिशी के ऑफिस में दो कुर्सियां लगाई गई हैं। आतिशी ने अरविंद केजरीवाल की कुर्सी को साथ रखकर मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है।

इस दौरान मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि जिस तरह भरत जी ने भगवान श्रीराम के खड़ाऊं रखकर काम किया, वैसे ही मैं अगले चार महीने मुख्यमंत्री का पद संभालूंगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश की राजनीति में मर्यादा और नैतिकता की एक मिसाल कायम की है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री आतिशी कई अहम फैसले ले सकती हैं। इसके अलावा दिल्ली विधानसभा का सत्र बुलाने को लेकर भी चर्चा की जा सकती है। दिल्ली विधानसभा का सत्र 26 और 27 सितंबर को बुलाया जा सकता है।

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी रखना, देखना अपराध : सुप्रीम कोर्ट



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अपने एक 'ऐतिहासिक फैसले' में कहा कि बच्चों के साथ यौन-क्रिया के स्पष्ट चित्रण और उनसे संबंधित अपमानजनक सामग्री को रखना या देखना अपराध माना जाएगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला की पीठ ने गैर सरकारी संगठन 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को पलटते हुए नये दिशा निर्देश जारी किए हैं।

पीठ ने कहा कि बच्चों के साथ यौन-क्रिया के स्पष्ट चित्रण और उनसे संबंधित अपमानजनक सामग्री को रखना या देखना अपराध यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम यानी पोक्सो कानून के अलावा सूचना एवं तकनीकी कानून के तहत अपराध माना जाएगा। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को 'बाल पोर्नोग्राफी' शब्द की जगह संशोधित शब्दावली- 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं।

पीठ ने कहा है, 'संसद को ऐसे अपराधों की वास्तविकता को अधिक सटीक रूप से दर्शाने के उद्देश्य से 'बाल पोर्नोग्राफ़ी' शब्दावली को 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के उद्देश्य से पोक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।

पीठ को उम्मीद है कि इससे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ करायी जानी चाहिए।

पीठ ने केंद्र सरकार को एक विशेषज्ञ समिति के गठन पर विचार करने के सुझाव का भी समर्थन किया है, जो स्वास्थ्य और यौन शिक्षा के लिए एक व्यापक कार्यक्रम या तंत्र तैयार करने की सिफारिश कर सकती है। अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पोक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पशु चर्बी विवाद के बीच मंदिर का हुआ शुद्धिकरण



**लोगों की आस्था में नहीं आई कोई कमी**

आंध्रप्रदेश। तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में सोमवार को 'पंचगव्य प्रक्षालन' के जरिए चार घंटे की शुद्धिकरण प्रक्रिया की गई। मंदिर में लड्डू प्रसाद बनाने में कथित रूप से एनिमल फैट, बीफ टैलो और मछली के तेल कि मिलाने के आरोपों के बाद हुई। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया था कि लड्डू प्रसाद में याचिकाओं में इस्तेमाल किया गया घी मिलावटी है।

बता दें कि इस विवाद के बाद से ही पूरे देश में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि, इन आरोपों के बावजूद लोगों की श्रद्धा में कोई कमी नहीं आई है। सोमवार को शुद्धिकरण पूजा में भी सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### पंचगव्य प्रक्षालन से शुद्धिकरण

सोमवार सुबह 6 बजे से 10 बजे तक मंदिर में पूरे वैदिक विधि विधानों और मंत्रोच्चार के बीच 'शांति होमम पंचगव्य प्रक्षालन' का आयोजन किया गया। पिछले कुछ समय मंदिर में कथित तौर पर हो रहे अपवित्र कार्यों की अशुद्धता नष्ट करने के लिए यह शुद्धिकरण किया गया। वाईएसआरसीपी सरकार के कार्यकाल के दौरान मंदिर के प्रसाद में निसिद्ध वस्तुओं की मिलावट के बाद तिरुमला मंदिर के पंडितों ने मंदिर का शुद्धिकरण करने का प्रस्ताव दिया था।

### लड्डू में बीफ टैलो की हुई मिलावट

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया था कि तिरुपति लड्डू प्रसाद में पशु वसा और लार्ड मिलाया गया था। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने भी कहा था कि लैब टेस्टिंग में घी के नमूनों में 'बीफ टैलो' और मछली के तेल की पुष्टि हुई है। टीटीडी की ओर से मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाले एआर डेयरी प्रोडक्टस की ओर से एनएबीएल सर्टिफिकेट नहीं दिए जाने की भी बात कही थी।

आरोपों के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है। यह टीम मंदिर के लड्डू प्रसाद में पशु वसा मिलाने के आरोपों की जांच करेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन; इस कंपनी को थमाया शो कॉज नोटिस, लाइसेंस हो सकता है रद्द

नई दिल्ली। तिरुपति मंदिर से जुड़े लड्डू विवाद में मोदी सरकार ने अब बड़ा कदम उठाया है। 23 सितंबर को स्वास्थ्य मंत्रालय ने घी सप्लाई करने वाली कंपनी को शो कॉज नोटिस थमाया है। केंद्रीय मंत्रालय ने इस मामले में चार कंपनियों से सैंपल लिए थे, जिनमें से एक कंपनी का सैंपल क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गया और उसमें जानवरों की चर्बी होने की बात सामने आई थी।

कंपनी की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में एफएसएसएआई उसका लाइसेंस तक रद्द कर सकती है और जुर्माना भी लगा सकती है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंच गया है। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है।

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर

हमारी सेवाएं
रेसिडेंशियल
कमर्शियल
होटल, हॉस्पिटल
पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा राजनांदगांव 491441

# उल्लास कार्यक्रम की अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**रायपुर (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**



श्री परदेशी ने बताया कि उल्लास कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु अंतर्विभागीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुसार भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम प्रदेश में स्वीकृत किया गया है। इसके तहत प्रौढ़ शिक्षा एवं जीवंत पर्यंत शिक्षा प्रमुखता से शामिल किया गया है। प्रौढ़ शिक्षा के नाम के स्थान पर अब सबके लिए शिक्षा रखा गया है। कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शामिल किए जाने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवी आधारित मानदेय का प्रावधान नही है। एक लाख स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वयंसेवी कॉलेज, स्कूल के छात्र-छात्राएं, युवा, महिला, डीएड-बीएड के विद्यार्थी एवं अन्य कोई भी स्वयंसेवी शिक्षक बन सकते है। उल्लास कार्यक्रम के तहत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णु देव साय है। मुख्यमंत्री द्वारा पिछले 8 सितंबर को उल्लास साक्षर केन्द्रों का वर्चुअल शुभारंभ कर दिया गया है। उल्लास केन्द्रों में शिक्षार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थित, नवाचारी गतिविधियों से अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। उल्लास साक्षरता केन्द्रों के लिए शासकीय भवनों का उपयोग किया जाएगा। सभी विभागों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने विभाग के अतर्गत संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को शत-प्रतिशत साक्षर करने की जिम्मेदारी लें। इस कार्यक्रम के प्रमुख घटकों में बुनयादी शिक्षा, जीवन कौशल, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, मतदान साक्षरता व स्वास्थ्य, स्वच्छता, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा एवं सतत् शिक्षा शामिल है। इस कार्यक्रम में राज्य शासन के सभी विभागों का सहयोग जरूरी है। बैठक में बताया गया कि शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में, पंचायत राज संस्थाओं के माध्यम से इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाएगा। प्रदेश में वर्ष 2030 तक शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। इस वर्ष करीब 10 लाख असाक्षरों को साक्षर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में उल्लास कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी प्रशांत पांडेय ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। बैठक में उल्लास कार्यक्रम के तहत ग्राम सभाओं में उल्लास शपथ दिलाने और छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी जनजातियों में साक्षरता के लिए विशेष रणनीति बनायी जाएगी।

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की उप सचिव फरिहा आलम सिद्धीकी सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन, उच्च शिक्षा, आदिम जाति विकास, वित्त, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, समाज कल्याण, श्रम, उद्योग, वन एवं जलवायु परिवर्तन, कृषि एवं पशुपालन, जनसम्पर्क, सहकारिता, जल संसाधन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, परिवहन, कौशल विकास, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक एवं विधि एवं विधायी कार्य विभाग और महासमुंद, राजनांदगांव, कांकेर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा के जिला परियोजना अधिकारी और राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, लोक शिक्षण संचालनालय, एससीईआरटी और शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में, नीलू ने सीएम का जताया आभार



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने छत्तीसगढ़ में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में प्रारंभ करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के छात्रों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है, जो चिकित्सा शिक्षा को आमजन तक पहुंचाने में सहायक होगा।

हिंदी में पढ़ाई से न केवल छात्रों को विषय समझने में आसानी होगी, बल्कि यह क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा। श्री शर्मा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहां बड़ी संख्या में छात्र ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं, उनके लिए हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध होना एक बड़ी राहत होगी। इससे उन्हें अपनी मातृभाषा में पढ़ाई कर अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को इस फैसले के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श उदाहरण बनेगी। भाजपा सदैव ऐसी योजनाओं का समर्थन करती है, जो शिक्षा और विकास के नए आयाम स्थापित करती हैं।

## 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 3 से 6 अक्टूबर तक

राजनांदगांव (दावा)। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक राजनांदगांव जिले में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

## पहला कॉलम...

### एनपीएस पेंड्री के विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में

राजनांदगाँव (दावा)। अंचल की सुविख्यात शैक्षणिक संस्था



नीरज पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थी शिवम् साहू का चयन बेसबाल के 19 वर्षीय बालक वर्ग हेतु तथा इशिका वर्मा का चयन 14 वर्षीय बालिका वर्ग हेतु शाला के खेल विभाग के प्रयास से खेल प्रशिक्षक श्री निसार अब्बास के कुशल मार्गदर्शन में बिलासपुर में होने वाले राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग की रग्बी प्रतियोगिता हेतु शाला के छात्र प्रियांशु सिंह का चयन महासमुंद में आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा हेतु किया गया है। एन.पी.एस. शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाईयां प्रेषित की।

### श्रीमती प्रेमलता सिंह का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। ठेठवार पारा डोंगरगढ़ निवासी श्रीमती प्रेमलता सिंह धर्मपत्नी स्व. रमेन्द्र सिंह का 79 वर्ष की आयु में अस्वस्थता के चलते निधन हो गया है। वे शिवेन्द्र दीप सिंह की माताजी थी। उनकी अंतिम यात्रा 23 सितंबर सोमवार को प्रातः 11 बजे निवास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए।

### श्रीमती चमेली देवी शर्मा का निधन



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय सिनेमा लाईन निवासी धर्मपरायण महिला श्रीमती चमेलीदेवी शर्मा का निधन हो गया। वे लगभग 82 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में जनप्रतिनिधियों, परिचितों, मुहल्लेवासियों तथा परिजनों की उपस्थिति में किया गया. वे अपने पीछे चार पुत्र कृष्ण कुमार शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, योग कुमार शर्मा तथा संतोष सागर शर्मा सहित नाती पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई.

### गैंदा ठाकुर का निधन



कलकसा/डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम मोहारा निवासी गैंदा ठाकुर (ग्राम पटेल) 72 वर्ष का निधन हो गया है। गैंदा ठाकुर मोहारा के ग्राम प्रमुख के साथ अखिल भारतीय गोंड समाज केसली मुड़ा परिक्षेत्र के अध्यक्ष भी थे । वे मिलन सार व्यक्तित्व के धनी थे। अपने जीवन काल में गांव व समाज में अपना बहुत ही अच्छा योगदान दिया। वे अपने पीछे पांच पुत्र एवं पांच पुत्री सहित भरापूरा परिवार को छोड़ गए। इनके अंत्योष्टि में गोंड महसभा, तहसील गोंड समाज के पदाधिकारीयों सहित ग्राम एवं आसपास के ग्रामीणजन अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## सीआरसी में सांकेतिक भाषा जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ

### सांकेतिक भाषा के बारे में दी गई जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार के अंतर्गत संचालित सीआरसी राजनांदगांव द्वारा आज सांकेतिक भाषा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रतिदिन कार्यक्रम अनुरूचि के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। समेकित क्षेत्रीय केंद्र कार्यालय राजनांदगांव में छात्रों, कर्मचारियों और लाभार्थियों द्वारा नियुक्त अधिकारियों मुक्ता साहू, नर्स एवं फरीदा बेगम की देखरेख में सांकेतिक भाषा के लिये रैली आयोजित किया गया है।

सांकेतिक भाषा के बारे में बताया गया कि सांकेतिक भाषा एक ऐसी भाषा है, जो अर्थ सूचित करने के लिए श्रवणीय ध्वनि पैटर्न में संप्रेषित करने के बजाय, दृश्य रूप में सांकेतिक पैटर्न संचारित करती है। जिसमें वक्ता के विचारों को धाराप्रवाह रूप से व्यक्त करने के लिए, हाथ के आकार, विन्यास और संचालन, बांहों या शरीर तथा चेहरे के हाव-भावों का एक साथ उपयोग किया जाता है। समेकित क्षेत्रीय केन्द्र में 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स सांकेतिक भाषा में कराया जा रहा है जिसकी प्रवेश प्रक्रिया वर्ष 2024-25 हेतु चल रही है।

## जिला पंचायत सीईओ ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों की बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने 28 सितम्बर को पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र बरगा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक जानकारी ली और अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के माध्यम से बाटल ब्रिक्स का निर्माण, जनसमस्या निवारण शिविर, हितग्राही मूलक योजनाओं में लाभन्वित हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ, स्वच्छता दीदीयों का सम्मान, चित्रकारी प्रदर्शनी, युवोदय के बच्चों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने स्टॉल लगाने भी कहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक शनिवार को ग्रामों में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में स्थानीय दुकानदारों, ढाबा संचालकों, स्थानीय गणमान्य नागरिकों एवं स्वच्छता व लखपति दीदीयों को भी सम्मिलित करने निर्देशित किया। उन्होंने ओडीएफ डिक्लेयर का प्रस्ताव समय सीमा में प्रस्तुत करने कहा। क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान पदयात्री मार्ग पर बने शौचालय में बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था करने हेतु भी निर्देश दिया गया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में लगभग 21000 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृत आवासों को प्रारम्भ करने एवं समय सीमा में आवास पूर्ण करने हेतु प्रत्येक पंचायतों के लिए विभागीय अधिकारियों को ड्यूटी लगायी जा रही है। उन्होंने आवास संगोष्ठि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत उन्नति प्रोजेक्ट, बीपीआरपी, ब्लाकवार आरएफ, लखपति दीदी योजना सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## स्वच्छता ही सेवा परखवाड़ा : निगम के अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छता दीदीयों ने जन सहभागिता से किया स्वैच्छिक श्रमदान

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता लींग 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता प्रसंग पर नगर निगम द्वारा जन सहभागिता से स्वच्छता पर विभिन्न गतिविधिया की जा रही है, इसी के तहत आज ममता नगर अंडर ब्रिज के पास रेल्वे लाईन के किनारे जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया गया, अभियान में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदीया ममता नगर अंडर ब्रिज के पास के नागरिकों के साथ मिलकर साफ सफाई किये, इसी प्रकार गत दिवस ग्रामीण वार्ड रेवाडीह में स्वच्छता अभियान चलाया गया था।

**कल ग्रामीण वार्ड रेवाडीह में एवं आज ममता नगर रेल्वे पटरी के पास चला स्वच्छता अभियान**

17 सितम्बर से आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी व स्वास्थ्य अमला नागरिकों, विद्यार्थियों एवं संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न गतिविधिया संचालित कर रहे है। जिनमें स्वच्छता रैली, मैराथन, वाल पेंन्टींग, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, व्यवसायिक स्थलों की सफाई के अलावा विद्यार्थियों में स्वच्छता का अलख जगाने क्वीज, रंगोली, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता आयोजित किये गये और कल से सार्वजनिक स्थानों में जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कल ग्रामीण वार्ड रेवाडीह में ग्रामवासियों के साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी व स्वच्छता दीदीयों ने गॉव में साफ सफाई कर कुडा करकट की सफाई किये, वही आज सुबह ममता नगर अंडर ब्रिज के पास रेल्वे लाईन के बाजू साफ सफाई कर मुक्कड़ से कचरा उठाया गया।

स्वच्छता अभियान में नोडल अधिकारी यू.के.रामटेके ने जन मानस को स्वच्छत अपनाने, अपने घर के आस पास साफ सफाई रखने, कचरा अलग अलग रख निगम की गाड़ी में डालने, सप्ताह में 2 घंटे सफाई करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने, लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने शपथ दिलायी। उन्होने कहा कि स्वच्छता पखवाडा का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोडना है, क्योकि बिना जन सहभागिता से साफ सफाई रखना संभव नहीं है। सभी की सहभागिता से हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ होगा। स्वच्छता अभियान में निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदीयों के अलावा नागरिकों की महती भूमिका रही।

## 9वीं का छात्र क्लास में किसी से नहीं बोलता था, टिफिन भी अकेले खाता था, शौचालय में लगा ली फांसी



धमतरी। स्कूल के अंदर शौचालय में कक्षा नवमीं के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से स्कूल में हड़कंप मच गया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रूद्री पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 सितंबर को रूद्री थाना के करीब संचालित सरस्वती शिशु मंदिर रूद्री के शौचालय में ग्राम भोयना निवासी कक्षा नवमीं के छात्र समीर साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी नेहा पवार व रूद्री पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

मौका मुआयना व पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छात्र के आत्महत्या करने का कारण फिलहाल अज्ञात है। संस्था के प्राचार्य रामकुमार साहू ने पुलिस को बताया कि मृतक छात्र समीर साहू ग्राम भोयना निवासी था। सोमवार को वह स्कूल तो आया था, लेकिन कक्षा में नहीं था।

बाहर उनकी साइकिल खड़ी हुई थी। कक्षा में वह अनुपस्थित है। दोपहर 3:30 बजे जब शौचालय में गए तो देखा कि दरवाजा बंद था। स्कूल स्टाफ ने दरवाजा खोलने प्रयास किया,लेकिन नहीं खुला। तब बाहर का वेंटिलेशन से देखने की कोशिश की गई, लेकिन कोई भी नहीं दिखा।

वेंटिलेशन से बांस द्वारा शौचालय के सिटकनी को खोला गया और अंदर जाकर देखा तो छात्र समीर फांसी पर लटकता हुआ मिला। स्कूल स्टाफ ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। उनके पिता को भी बुलाया गया। इस संबंध में डीएसपी नेहा पवार ने बताया छात्र के आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की जांच में जुटी हुई है। छात्र के आत्महत्या करने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

## रेडक्रास की साधारण सभा की बैठक स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव की 24 सितम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली साधारण सभा की बैठक को अपरिहार्य करणों से स्थगित कर दिया गया है। आगामी बैठक की सूचना दी जाएगी।

## कल बरगा में ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 25 सितम्बर को आयोजित किया गया है। जिले के अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित आवेदनों के निराकरण हेतु शिविर में उपस्थित होने कहा गया है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-4-7
113-5 400-4
राजधानी
2-6-8
160-7 478-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय प्राचार्य**

**स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति नर्सिंग महाविद्यालय, कबीरधाम (छ.ग.)**

फोन नं.- 07741-232046 email.kcon.kabirdham@rediffmail.com फैक्स नं.-07741-232045

क्रं./854/स्था./शा.न.म./24 // सूचना // कबीरधाम, दिनांक 20/09/2024

स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग.) में सत्र् 2024-25 के लिये बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम को पूर्ण करने हेतु इंडियन नर्सिंग कौंसिल नई दिल्ली द्वारा निर्धारित अवधि के लिये कबीरधाम जिले के निवासियों से अतिथि शिक्षक हेतु आवेदन पत्र आर्मत्रित किये जाते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि - 29/09/2024**

| क्र. | वर्ष / सेमेस्टर | विषय का नाम | इंडियन नर्सिंग कौंसिल द्वारा निर्धारित घंटे | अतिथि शिक्षकों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर | Communicative English | 20 घंटे | 01 | MA IN ENGLISH |
| 2 | | Applied Anatomy | 30 घंटे | 01 | POST GRADUATE QUALIFICATION IN REQUISITE COURSE |
| 3 | | Applied Physiology | 30 घंटे | 01 | |
| 4 | | Applied Psychology | 30 घंटे | 01 | MA IN PSYCHOLOGY |
| 5 | | Applied Sociology | 30 घंटे | 01 | MA IN SOCIOLOGY |
| 6 | बी.एस.सी. नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर | Applied Biochemistry | 20 घंटे | 01 | M.SC. IN BIOCHEMISHTRY |
| 7 | | Applied Nutrition and Dietetics | 30 घंटे | 01 | P.G. DIPLOMA IN NUTRITION/ M.SC. IN FOOD AND NUTRITION |
| 8 | | Health/Nursing informatics and technology | 40 घंटे | 01 | M.SC. IN HEALTH INFORMATION MASTER OF HEALTH INFORMATION/ MASTER OF INFORMATION SYSTEM PGDCA |
| 9 | बी.एस.सी. नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर | Pharmacology -I | 10 घंटे | 01 | M. PHARMA |
| 10 | | Pathology-I | 10 घंटे | 01 | POST GRADUATE QUALIFICATION IN REQUISITE COURSE M.SC. IN MICROBIOLOGY POST GRADUATE QUALIFICATION IN REQUISITE COURSE |
| 11 | | Applied Microbiology | 40 घंटे | 01 | MSC IN MICROBIOLOGY |
| 12 | बी.एस.सी. नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर | Pathology -II & Genetics | 10 घंटे | 01 | POST GRADUATE QUALIFICATION IN REQUISITE COURSE |
| 13 | | Pharmacology -II | 30 घंटे | 01 | M. PHARMA |
| 15 | एम.एस.सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष | Statistics | 50 घंटे | 01 | MSC IN MATH/STATISTICS |

उक्त पदों से संबंधित नियम एवं शर्ते तथा आवेदन पत्र कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकनार्थ चस्पा है। तथा इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र तथा नियम शर्तो की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

प्रभारी प्राचार्य
स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति नर्सिंग महाविद्यालय, कबीरधाम (छ.ग.)

जी-242502724/2

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202407991 0004
अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पुनेन्द्र कुमार पिता मोतीराम साहू उम्र 40 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम कन्हारगांव, तहसील- डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम कन्हारगांव, पटवारी हल्का नम्बर 2. रा.नि.म. मोहारा, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नम्बर 514/25 रकबा 0.0320 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि खसरा नम्बर 514/25 रकबा 0.0320 हेक्टेयर को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन (डायवर्सन) किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/08/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र. क्र. 202409092100017
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दीपचंद अग्रवाल पिता हुकुमचंद अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी वार्ड नंबर 16 डोंगरगढ़ तहसील थाना डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के द्वारा रजप्रीत सिंह भाटिया पिता हरविन्दर पाल सिंग भाटिया जाति सिक्ख निवासी वार्ड नंबर 10 खण्डूपारा डोंगरगढ़ के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्रमांक 4 भूखंड क्रमांक 685/15 क्षेत्रफल 980 वर्गफूट भूमि में से 980 वर्गफूट भूमि को पंजीकृत सबरजिस्टार डोंगरगढ़ के द्वारा दिनांक 08/08/2024 को क्रय किया हूं। आवेदक उक्त भूमि को क्रय करने के बाद अपने नाम से नामांतरण तथा उक्त भूमि को अपने नाम से राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.202409093800003
अ/20 (1) वर्ष 2023-24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शकुन्तला साहू प. स्व. विष्णु साहू एवं अन्य 4 निवासी चौखड़िया पारा, सिंधी धर्मशाला के पीछे, राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव शहर स्थित भूनि मोहल्ला चौखड़ियापारा भूखण्ड क्रमांक 1415/55 क क्षेत्रफल 300 वर्गफुट भूमि का शीट आबंटन कर भू-भाटक निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूखण्ड का शीट आबंटन कर आवेदिकागण के नाम पर शीट आबंटन कर भू-भाटक निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था की किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईस्वहार आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यावालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
- पेशी दिनांक 30/09/2024

नजूल अधिकारी,
राजनांदगांव

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में




समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत, संगीत मय फिल्म
मौरिषा फिल्मस प्राडक्शन प्रस्तुत
तोर मया म सजनी
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार -परम टुन्ड्रा, बिन्दू आदि।
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
22nd SEP to 26th SEP 2024
silver SCREEN




Ardaas Sarbat De Bhale Di (Punjabi) - 06:15 and 09:15 pm
Yudhra - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Transformers One - 12:30 and 03:30 pm
Kahan Shuru Kahan Khatam - 12:15 pm
Stree 2 - 03:15, 06:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# हमारा घर, हमारी पहचान, खुशियों का घर-संसार...

**○ प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में ला रही खुशहाली**
**○ आर्थिक दृष्टिकोण से हमारा परिवार हुआ मजबूत - होरीलाल देवांगन**
**○ जिंदगी में आया बदलावा, बना पक्का मकान, तो दूर हुई परेशानी**
**○ शासन की विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ**



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशहाली ला रही है। यह योजना कई परिवारों की आस है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने से सम्मान बढ़ने के साथ ही जनसामान्य के जीवन स्तर का उन्नयन हुआ है।

ऐसा ही कुछ बदलाव आया राजनांदगांव विकासखंड के मोहारा के होरी लाल देवांगन के जीवन में। होरीलाल देवांगन ने बताया कि पहले कच्चे मकान में रहते थे, तो बहुत तकलीफ होती थी। मच्छर एवं कीचड़ के कारण परेशानी होती थी। जिससे बीमार हो जाते थे। अब सीलन से मुक्ति मिल गई है और घर भी स्वच्छ रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सहायता की तो आवास बनाने के लिए राशि प्राप्त हुई और हम नया पक्का घर बनाये। अब पक्के मकान में रहने के कारण हम लोगों की तबियत खराब नहीं होती और बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देवा साय को तहेदिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की मोबाईल की दुकान है और सभी नाती-पोते स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी बहु श्रीमती इच्छावती देवांगन हथकरघा से कपड़ा बुनने का कार्य करती है और आर्थिक दृष्टिकोण से हमारा परिवार मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि निराश्रित पेंशन योजना के तहत 500 रूपए की राशि प्रति माह प्राप्त हो रही है। घर की खुबसूरत साज-सज्जा की गई है। होरीलाल देवांगन की पत्नी श्रीमती घसनीन देवांगन ने बताया कि पहले कच्चा मकान था तो बहुत पानी टपकता था। धूल, मिट्टी के कारण बच्चों की खांसी-सर्दी के कारण तबियत खराब रहती थी। अब जब से हम लोग घर बनाये हैं और हंसी-खुशी से सपरिवार अपने पक्के घर में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम दोनों सास-बहू को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। वही राशन कार्ड के माध्यम से प्रतिमाह निःशुल्क 49 किलो चावल प्राप्त हो रहा है। उनकी बहु श्रीमती इच्छावती देवांगन ने बताया कि शासन की महतारी वंदन योजना बहुत अच्छी है। 1000 रूपए की राशि बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं दवाई में खर्च हो जाता है। वे हथकरघा से कपड़ा बुनने कार्य करती है, जिससे उन्हें आजीविका का एक साधन मिला है।

# अर्जुनी विद्युत मंडल में कांग्रेसियों का हल्ला बोल



**धरना स्थल से विद्युत मंडल तक आक्रोश रैली**

डोंगरगांव (दावा)। विद्युत विभाग के खिलाफ आज डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम अर्जुनी में कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया और रैली निकाल ज्ञापन सौंपा गया। विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरना स्थल में कांग्रेसी वक्ता टिकेश साहू, हुकुमचंद जैन, मदन साहू, विभा साहू, महेंद्र यादव, बलिराम साहू, गणेश साहू, डॉ.नरेंद्र साहू ने विद्युत मंडल के कार्यप्रणाली पर जमकर आक्रोश बम फोड़ा. जे.ई के व्यवहार व कार्यक्षेत्र में निवास नही करने से होने वाली परेशानी से भी अवगत कराया. उपस्थित किसानों और आमजनों को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने तकनीकी रूप से छः महीनों के जुटाए साक्ष्य के आधार पर बताया की लगभग 250 करोड़ रुपए की राशि हमारे क्षेत्र के विद्युत मेंटनेंस के लिए आबंटित हुई है, जिसका केवल 3त्न राशि ही विद्युत विभाग ने खर्च किया और अब खर्च करने की समय सीमा भी खत्म होने वाली है साथ ही तथ्यों के साथ यह भी आरोप लगाया कि मेरे द्वारा विभिन्न गांवों में ट्रांसफार्मर और अन्य विद्युत समस्याओं के लिए लगभग 64 लाख रुपए की स्वीकृति की गई थी किंतु उनपर भी इस सरकार के अधिकारियों ने अब तक काम नही किया. उक्त सभी बातो पर लिखित प्रकाश डालते हुए तहसीलदार की उपस्थिति में जेई को ज्ञापन सौंपा गया और निराकरण नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। वही कमलेश साहू, रोशन बंजारे, रोशन साहू की युवा टीम द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया। इस आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, जमुना साहू, महेंद्र वैष्णव, प्रदीप रत्नाकर, नूतेंद्र सिन्हा कुंभ जोशी, वारेन साहू, देवेंद्र साहू, मोहनीश साहू, मंगलू साहू, दिबिका साहू, मयंक यदु, धनेश निषाद, द्रौपदी साहू, कमलेश सोनकर, दीनू सोनकर, लता भगत, हबीमा बेगम, संतोष ठाकुर, लोकेश निषाद, कृत साहू, डोमन साहू, रूपचंद साहू, अमर सिंह साहू, भागवत साहू, तेजराम सोनकर, तालसिंह साहू, गोपी नेताम, सोनूराम पटेल, मात्याराम सोनी, जितेंद्र तिवारी सहित अन्य जन उपस्थित थे।

# लोहरीड़ीह की कांड पर न्यायिक जांच हो - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कबीरधाम जिले के लोहरीड़ीह गांव की हालिया घटनाओं पर न्यायिक जांच करने की मांग की है।

श्री साहू ने महामहिम राज्यपाल के नाम लिखे ज्ञापन में कहा है कि कबीरधाम जिले के प्रशांत साहू समाज के साथ आगजनित एवं हत्या जैसी घटनाएं घटित हो रही है। लोहरीड़ीह में प्रशांत साहू की मौत पुलिस कस्टडी में हो गई है। अन्य सामाजिक बंधुओं को भी पुलिस द्वारा प्रताड़ित करने की बाते सामने आ रही है। दो सामाजिक बंधु रघुनाथ साहू एवं शिव प्रसाद साहू की भी इसी सिलसिले में मौत हो गई है। इन तीनों मृतकों को मुआवजा व परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग शासन प्रशासन से की गई है। कलेक्टर को सौंपी गए ज्ञापन में श्री साहू ने उनकी मृत्यु की न्यायिक जांच कराने और मुआवजा दिलाने व परिवार की एक व्यक्ति नौकरी की मांग की है। इस दौरान कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते समय जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के साथ मुख्य रूप से महामंत्री नीलमणी साहू, मिलाप दास साहू, जगमोहन साहू, नरेश गजीर, मुनेश्वरी साहू किरण साहू, केसरी साहू, सुमन साहू, मंथिर साहू, नीलकंठ साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल में स्टेट स्कूल एवं गायत्री के खिलाड़ी सम्मिलित






**रायपुर की टीम में शामिल होकर बने रनर अप**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव खेल नगरी के दो स्कूली छात्रों ने राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की टीम में शामिल होकर उत्तम खेल का प्रदर्शन किया। गायत्री स्कूल के विवेक मेश्राम ने दुर्ग संभाग की टीम में कप्तान के रूप में शिरकत की। साथ ही स्टेट स्कूल के छात्र धनेश मंडावी ने खिलाड़ी सदस्य के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। दुर्ग संभाग की टीम ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

स्टेट स्कूल के मैदान में नियमित वालीबाल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे गायत्री स्कूल एवं स्टेट स्कूल के दो छात्रों राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने उत्तम खेल का प्रदर्शन किया। उक्त प्रतियोगिता रायगढ़ में 19 सितंबर से 21 सितंबर तक खेली गई। प्रतियोगिता 19 वर्ष तक की उम्र के खिलाड़ियों के लिए थी। एनआईएस कोच संध्या पदम ने बताया कि विवेक मेश्राम गायत्री स्कूल टीम के कप्तान थे। धनेश मंडावी स्टेट स्कूल के छात्र ने भी टीम के खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष रूबी गरचा सहित वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रेखा पदम, गुरजिंदर सिंह गरेवाल, आबिद बेग, शरद युनुस, रुस्तम अली एवं वॉलीबॉल संघ के सभी सदस्यों ने टीम के बेहतर प्रदर्शन पर बधाई दी है।

# अवैध रुप से शराब बिक्री करते युवक पकड़ाया



**ग्राम उरईडबरी निवासी चरण वर्मा पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राहूलदेव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री रोकने की मुहीम पर पुलिस चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर के नेतत्व में पुलिस चौकी उनि. सुमेन्द्र खरे, स्टाप 23.09.2023 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम उरईडबरी में मन्नान मोहम्मद उर्फ गोलू खान नाम का व्यक्ति अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु अपने यूपी बिहार बिटटू ढाबा के बगल में अवैध शराब बिक्री कर रहा है।

तलाशी लेने पर एक सफेद बोरी के अंदर 16 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1440 रू तथा 14 पौवा जम्मू डिलक्स व्हीस्की शराब कीमत 1820 रू. कुल कीमत 3260 रू. जप्त कर आरोपी का कृत्य धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

एक अन्य मामले में ग्राम उरईडबरी के चरण वर्मा पिता भारत वर्मा उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम उरईबरी वार्ड नं.-03 पुलिस चौकी चिचोला जो हो हल्लाकर मारने पीटने ,लडाई -झगडा पर अमादा था। जिसे मौके पर संज्ञेय अपराधघटित करने से रोकने हेतु मौके पर गिरफतार कर लोकशांति भंग होने के अंदेशा पर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट डोंगरगढ में धारा- 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिचोला के पुलिस चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर, उनि. सुमेन्द्र खरे, प्र.आर. 914 धनश्याम वर्मा, प्र.आर. 585 धर्मेन्द्र साहू, प्र.आर. मुकेश साहू, आरक्षक 44 दिलीप बांधे, आरक्षक 1687 विष्णु साहू का कार्य सराहनीय रहा।

# रेल मार्ग से शराब तस्करी करते अन्तर्राज्यीय तस्कर 40 पौवा के साथ गिरफ्तार



**डोंगरगढ़ पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त कार्यवाही**

डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, अवैध शराब बिक्री/तस्करी, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असामाजिक तत्वों पर कडी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कडी में दिनांक 22 सितंबर को मुखबीर सूचना मिला की अभय सहारे निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ द्वारा महाराष्ट्र से ट्रेन से शराब लाकर अवैध रूप से शराब बिक्री करता है आज भी शराब लेकर ट्रेन से आने वाला है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल रेलवे सुरक्षा बल मंडल टॉस्क टीम नागपुर के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़ में सूचना तस्दीक किये। सूचना तस्दीक दौरान आरोपी ट्रेन से उतर कर रेलवे पटरी के किनारे-किनारे चलते मंदिर परिसर की ओर जा रहा था जिसे घेराबंदी कर भाटिया पेट्रोल पंप व आदर्श नगर ओवर ब्रिज के बीच आरोपी को पकड़ा गया। मौके पर आरोपी अभय सहारे पिता कैलाश सहारे उम्र-24 साल निवासी कालकापारा, डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के कब्जे से एक नीला रंग के बैग में रखे 1. मेकडॉवल नं. 01 अंग्रेजी शराब 06 पौ पौवा, 02. रायल स्टेज अंग्रेजी शराब- 24 पौवा, 03. स्टेरलिंग रिजर्व बी7 शराब 10 पौवा कुल-40 पौवा, कुल मात्रा- 7.200 बल्क लीटर किमती- 7260 रू. को जप्त किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर शराब को गोंदिया महाराष्ट्र से ट्रेन में लेकर अवैध रूप से लाभ प्राप्त करने हेतु शराब बिक्री करने हेतु लाना बताये। जो आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना डोंगरगढ़ से सउनि मुजीम रमान कुरैशी, आरक्षक प्रयंश सिंह, युगेन्द्र देखमुख, लीलाधर मण्डलोई, श्रीनिवास राव एवं रे.सु.ब. मंडल टॉक्स टीम नागपुर से सउनि एस.एस. सेडाम, प्र.आर. पुष्पराज बघेल, आरक्षक विशाल उवरे एवं आरक्षक मंगेश मस्के का विशेष योगदान है।

# श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं से 6070 हितग्राही 7 करोड़ 89 लाख 21 हजार 518 रूपए की राशि से हुए लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर रायपुर में आयोजित श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित किया गया। श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं से जिले के 6070 हितग्राहियों को 7 करोड़ 89 लाख 21 हजार 518 रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि राजनांदगांव जिले के 5570 हितग्राही 6 करोड़ 9 लाख 9 हजार 18 रूपए की राशि से लाभान्वित हुए। इसके अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निश्शुल्क गणवेश एवं पुरस्तक कॉपी सहायता योजना अंतर्गत 1104 बच्चों को 14 लाख 66 हजार रूपए, मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 983 हितग्राहियों को 1 करोड़ 96 लाख 60 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 1323 हितग्राहियों को 2 करोड़ 64 लाख 60 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नौनीहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 345 हितग्राहियों को 6 लाख 45 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 36 हितग्राहियों को 1 लाख 92 हजार रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 48 हितग्राहियों को 48 लाख रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना अंतर्गत 78 हितग्राहियों को 15 लाख 60 हजार रूपए, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना अंतर्गत 1653 हितग्राहियों को 61 लाख 26 हजार 18 रूपए से लाभान्वित किया गया।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिक हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। साथ ही श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से श्रमिकों का पंजीयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत 500 हितग्राहियों को 1 करोड़ 80 लाख 12 हजार 500 रूपए से लाभान्वित किया गया है। जिसमें असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत 229 हितग्राहियों को 45 लाख 80 हजार रूपए, सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों को 40 हजार रूपए, ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजनांतर्गत 4 हितग्राहियोंा को 80 हजार रूपए, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजनांतर्गत 132 हितग्राहियों को 1 करोड़ 32 लाख रूपए, असंगठित कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति सहायता योजनांतर्गत 122 हितग्राहियों को 98 लाख 750 रूपए, सफाई कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति सहायता योजनांतर्गत 3 हितग्राहियों को 6 हजार 500 रूपए, ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामकार एवं हमाल श्रमिक के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 8 हितग्राहियों को 7 हजार 250 रूपए से लाभान्वित किया गया।

# विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड, इसका सदुपयोग करें- पारख



**शा. पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं राज्य बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कहा कि विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण समय का सदुपयोग कर अपने उज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मार्ग प्रशस्त करने को कहा।

श्री पारख रविवार 22 सितम्बर को शासकीय पोष्ट मैट्रीक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर में आयोजित छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त उप पुलिस महानिरीक्षक आरएस नायक एवं डीआर आचला सहित गोंडवाना समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष जगत सलामे, कार्यक्रम के संयोजक एवं जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चंद्रेश ठाकुर, छात्रावास एलुमनि के अध्यक्ष अरविन्द गोटे, छात्रावास के भूतपूर्व छात्र पवन तुलावी, रामसिंह मण्डावी, धरमू किरंगे, मन्नेसिंह मण्डावी, रायसिंह कोटपरिया, रोहित घराना, नंदकिशोर धुर्वे, बिट्टू कोमरे, छात्रावास अधीक्षक पुरेन्द्र महिलांगे सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खूबचंद पारख के द्वारा छात्रावास के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैरल्स कोठारी एवं अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर श्री पारख ने कहा कि विद्यार्थी जीवन निरंतर ज्ञानार्जन के अलावा त्याग और तपस्या का भी समय है। हमारे विद्यार्थी इस पल का जितना सदुपयोग करेंगे उतना ही उनका आने वाले कल सुखद एवं बेहतर होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग से कठिन परिश्रम कर जीवन में उपलब्धि हासिल करने नैतिक एवं मानवीय मूल्यों तथा सदाचरण को आत्मसात कर अपने बुद्धि एवं सामर्थ्य का उपयोग राष्ट्र व समाज के हित में करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि श्री आरएस नायक ने कहा कि जीवन में उपलब्धि हासिल करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने कार्य के प्रति ईमानदार है तो सफलता उन्हें अवश्य मिलती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक डीआर आचला ने कहा कि विद्यार्थी जीवन त्याग, तपस्या एवं संयम के साथ निरंतर ज्ञानार्जन करने एवं अच्छे चरित्र एवं व्यवहार के साथ-साथ मानवता, भाईचारा, सदाचार आदि गुणों का भी विकास का समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण समय के प्रत्येक पल का सदुपयोग कर अपने ऊँचे लक्ष्य को हासिल कर अपने माता-पिता, परिवार, समाज एवं इस संस्थान का नाम रोशन करने को कहा। जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने छात्रावासी जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रावास वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए संस्कार भूमि एवं संरक्षण स्थली है। जहाँ पर जीवन की बुनियादी तहजीब सिखलाई जाती है। श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को हमेशा बड़े एवं नेक सपना देखने तथा उसे हासिल करने के लिए सब कुछ समर्पित कर देने को कहा। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नही है। यदि व्यक्ति में दृढ़ ईच्छा शक्ति एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तथा पूरी ईमानदारी के साथ प्रयत्न करने से उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई रोक नही सकता। श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को गलत संगति, गलत आचरण एवं गलत कार्यों से दूर रहकर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल कर उसका उपयोग राष्ट व समाज के हित में करने को कहा। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए छात्रावास के भूतपूर्व विद्यार्थी पवन तुलावी ने छात्रावास जीवन के महत्व के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान निर्माता डॉ. बीआर अम्बेडकर के कथन को आत्मसात करते हुए शिक्षित बनकर एवं संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने की अपील की है। इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए छात्रावास के अध्यक्ष श्री कैरल्स कोठारी ने अतिथियों के समक्ष छात्रावास के मांग एवं प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। समारोह में सभी अतिथियों ने छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्री मैट्रीक छात्रावास के अधीक्षक प्रशांत सुखदेवे, छात्रावास के उपाध्यक्ष गोपाल धूर्वे, सचिव सुभाष सोरी, सह सचिव प्रफुल्ल मण्डावी, शुभम कोरेटी, टिकेश्वर मण्डावी सहित अन्य अतिथियों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्डो में शिविर जारी

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अगस्त 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 12 सितम्बर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 25 सितम्बर को रानी जोतकुवर वार्ड नं. 50 के लिये सार्वजनिक मंच गौठान सिंगदई में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 के लिये सामुदायिक भवन हरदी में एवं 26 सितम्बर को राजीव वार्ड नं. 42 के लिये पार्षद कार्यालय राजीव नगर में, सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगनबाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास में व बसंतपुर वार्ड नं. 46 के लिये सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर में तथा 27 सितम्बर को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में व झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अगस्त 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## अनमोल दावा

**“ लक्ष्य ऊंचा रखो, दृष्टि साफ रखो, मंजिल अवश्य प्राप्त होगी।**

# आयुष्मान भारत का मिशन : जनस्वास्थ्य सुनिश्चित होने से ही होगा देश का विकास

किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। इस योजना की सफलता सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत समर्पण और सहयोग को दर्शाती है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी एबी पीएम-जय योजना की छठी वर्षगांठ गर्व का क्षण है। सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना आज विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में इस योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है। उन्हें जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। उनके जीवन में एक नई आशा जगाई है। आयुष्मान भारत की यात्रा प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार पांच लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ इस योजना ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में निश्शुल्क गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा की सुविधा उपलब्ध कराई है।

बीते दिनों ही सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के लिए इस योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो देश के बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को देखते हुए महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि आशा बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था।

आज 55 करोड़ से अधिक लोग इस योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पात्र हैं। इसमें अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार हुए हैं, जिन पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी के शिकंजे में फंस जाते थे, उनके लिए यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन प्रमाण हैं कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में आयुष्मान भारत योजना अपने वादे पर खरी उतरी है।

इस योजना में उपचार का दायरा भी बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है। इनमें हार्ट की बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब इस योजना ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है। एबी पीएम जय की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है।

आज, देश के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, इस योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वालों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। योजना की अनूठी पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करा सकते हैं।

इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आइटी बुनियादी ढांचे से लैस किया गया है, जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमीट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है। आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है।

सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर यानी एएएम के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। अब तक देश में 1.73 लाख से अधिक आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थायी बनाने की उम्मीद करते हैं।

# मंदराजी दाऊ के परी कलाकार के लिए लंदन से आया था फ्राक

## राजा ने दाऊ जी को पहनाई थी पगड़ी और नाचा परी को फ्राक भेंट

**आत्माराम कोशा “अमात्य”**



संस्कारधानी कहीं जाने वाली नगरी राजनांदगांव शुरू से ही कला- संगीत के क्षेत्र में विख्यात रहा है। यहां के बैरागी राजा हिमाचल दास जी ने अपने संगीत के बल पर नागपुर के भोसले राजा से अपने रियासत क्षेत्र का कर माफ करवाई थी। राजा सर्वेश्वर दास जी भी कला-संगीत के अनुरागी थे। यह वो जमाना था जब बैरागी राजाओं द्वारा सिंचित कला- संगीत की बगिया राजनांदगांव में संगीत के सुर गुंजा करते थे। शहर के कामठी लाइन स्थित ठाकुर हीरा सिंह गौतम के यहां संगीत की महफिल सजा करती थी। गांधी चौक का रामायण प्रचारक भवन में रामायण गायन सहित संगीत के सुर-तालो की गमक हुआ करता था। यह वही जमाना था जब छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली 'नाचा' के पुरोधा दाऊ दुलार सिंह ''मंदराजी'' कोलवा मुंशी चौक कहे जाने वाले स्थान समीप एक घर में रहा करते और संगीत का दरबार सजाया करते थे। तेरे दरबार में मेरा गुजर, सरकार हो जाए, दुनिया में क्या भरोसा, सोन के चिरैया बोले का रे... जैसे अनगिनत हिन्दी-छत्तीसगढ़ी के गीत, गजल, शास्त्रीय, अर्ध शास्त्रीय संगीत की वहां गूंज हुआ करती थी।

एक बार इन स्वर लहरियों की गूंज राजा सर्वैश्वर दास जी के कानों तक पहुंची। कला- संगीत अनुरागी राजा सर्वैश्वर दास अपने आप को रोक न सकें और उनके पांव अपने आप ही दाऊ मंदराजी के सांगीतिक दरबार के ओर उठ पडे। सादे वेश में पहुंचे राजा कुछ देर सुने और आनंदित हुए। सभी कलाकार गाने-बजाने में इतनै मग्न थे कि राजा की ओर उनका ध्यान ही नहीं गया । कला- संगीत अनुरागी राजा जी चुपके से चले आए। लेकिन आते समय मन ही मन उन्होंने सोंचा,, कि इतने बड़े थे दिग्गज लोक कलाकार उनके राज में रहा करते हैं। इन्हें कुछ देना चाहिए। बता दें कि उस जमाने में राजा जी प्रायः विदेश आदि जाया करते थे। अगली बार जब राजा जी का दाऊ मंदराजी के सांगीतिक दरबार में आमद हुई तो एक आम आदमी की तरह नाचा कलाकार दाऊ जी से लेकर मदन निषाद, जनाना परी जगन्नाथ निर्मलकर, छत्तीसगढ़ी गीत रचयिता व गायक रामरतन सारथी को सुना और प्रभावित होकर दाऊ जी को उन्होंने राज पगड़ी पहनाई वह नाचा परी जगन्नाथ के गायन से खुश होकर लंदन से लाए सुनहरी फ्राक भेंट की। इससे कलाकार खुश हुए। नाचा परी जगन्नाथ तो उसे पहन कर फुरफुंदी की तरह नाचा करते थे। कलाकारों के सम्मान से खुश दाऊ जी ने वहां नवरात्र पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा रखवाई और रात में रवेली नाचा पार्टी का कार्यक्रम किया जिसे देखने हजारों की भीड़ रही। उस दिन से कोलवा मुंशी चौक कहलाने वाला चौक दाऊ जी द्वारा दुर्गा रखने की शुरुआत करने के कारण दुर्गा चौक कहलाया।



(आज पुण्यतिथि पर विशेष)

### नाचा-गम्मत को ऊंचाई

बता दें कि छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध रंग शैली नाचा के पुरोधा पुरुष दाऊ मंदराजी इसी माटी की उपज है। उनका जन्म 1 अप्रैल सन् 1911 को शहर से 7 कि.मी. दूर गांव रवेली में हुआ। इनकी माता का नाम रेवती साव वह पिता का नाम रामाधीन था। दाऊ जी की पढ़ाई- लिखाई कन्हारपुरी स्कूल में प्रायमरी तक हुई। वे यहां पढ़ाई करने आते समय यहां के कारीगर तुलसी विश्वकर्मा के दादा जी से चिंकारा बजाना सीखा बाद में हारमोनियम भी सीखी। महाराष्ट्र सीमा से लगे बागनदी क्षेत्र के मालगुजार रहे दाऊ जी अपने जमीन-जायदाद नाचा कला, गीत- संगीत व कलाकारों पर ख्वांर कर दिया। उनके यहां कलाकार पलते थे। उन्होंने मदन निषाद, सुखराम, लालू, फिदा बाई, माला बाई, जगन्नाथ निर्मलकर देवी लाल नाग, ठाकुरराम, बुलवा, बोडरा, स्वर्ण कुमार वैद्य, गन्नू यादव, शिवप्रसाद, जयंती यादव, आदि कला को के साथ छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत को नई ऊंचाई दी। इसके साथ ही खुमान साव, देवीलाल, सत्यमूर्ति देवांगन आदि दाऊ जी का सान्निध्य लाभ पाकर बड़ी-बड़ी संस्थाओं के संगीतकार बने। इन्हीं में एक इस आलेख के लेखक भी हैं।

दाऊ जी छत्तीसगढ़ी नाचा- गम्मत को जीवन भर साधते रहे। उन्होंने नाचा के खड़े साज को परिष्कृत और आधुनिक स्वरूप प्रदान कर मंच (बाजवट) की सुविधा उपलब्ध कराई। उनकी नाचा पार्टी में पाल-पर्दा व लाइटिंग के लिए जनरेटर हुआ करते थे। टिकट में नाच हुआ करता था। गांव हो या शहर सन् 1940 के दशक में नाचा की खूब धूम रही। दाऊ जी सिनेमा को भी मात देने में सफल रहे। दाऊ जी के नाचा के समय टाकिजे बंद हो जाया करती थी। रायपुर की तवायफें नाचा देखने आया करती थी। इस दौर में समूचा छत्तीसगढ़ रिगनी रखेनी साज के नाचा गम्मत से गुलजार हुआ करता था। सही मायने में देखा जाय तो नाचा, सामाजिक कुरीतियां छुआछूत, जाति-पांति, ऊंच-नीच, भ्रष्टाचार और ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक तरह का आन्दोलन था। दाऊ जी के कलाकारों द्वारा खेले गए गम्मत, चपरासी, ईरानी, लंदन, मेहतरानिन माया- परीक्षा,अंधरा बिहाव, मोर नाव दमाद, गांव के नाम ससुरार, बुढ्वा-बिहाव, आदि मील के पत्थर है। इनमें से अधिकांश गम्मतों को सुप्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर ने न्यू- थियेटर के माध्यम से दाऊ जी के ही कलाकारों द्वारा खेल कर काफी नाम कमाया।

### दाऊ जी का सम्मान

दाऊ जी प्रायः गाया करते थे- दौलत तो कमाती है दुनिया,, पर नाम कमाना मुश्किल है,,। दाऊ जी ने कलाकारी के क्षेत्र में पैसा तो नहीं कमाया लेकिन गंवाया जरुर है। उन्होंने सिर्फ नाम कमाया। भिलाई संयंत्र ने दाऊ मंदराजी के नाचा के प्रति समर्पण एवं सर्वस्व त्याग को देखते हुए उनका सन् 1984 में भरे मंच से सम्मान किया एवं मंदराजी दाऊ के नामक एक द्वार रखे। छत्तीसगढ़ शासन ने समग्र लोक कला के क्षेत्र में प्रतिवर्ष लाख रूपये के पुरस्कार मंदराजी दाऊ जी के नाम पर स्थापित किया पर हैरत की बात है कि कला साहित्य एवं संगीत की नगरी राजनांदगांव में मंदराजी दाऊ के नाम पर कुछ भी नहीं है। उनके सिखाएँ कलाकार के नाम पर पदम श्री गोविन्दराम निर्मलकर आडिटोरियम रखा गया है लेकिन दाऊजी के नाम पर कुछ भी नहीं है। यह तो धन्य हे उनके सान्निध्य लाभ प्राप्त किए कलाकारों का, जिनके द्वारा ग्राम कन्हारपुरी में दाऊ जी की आवक्ष प्रतिमा स्थापित कर हर साल एक अप्रैल को रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मंदराजी जयंती मनाते हैं और उस कला मसीहा को याद करते हैं।

### सांगीतिक माहौल के जन्मदाता

दाऊ मंदराजी को राजनांदगाव क्षेत्र में सांगीतिक माहौल का जन्मदाता कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। उस जमाने में तत्कालीन कोलवा मुंशी चौक से दिग्विजय कॉलेज जाने वाले मार्ग के सजने वाले दाऊ जी के संगीतिक दरबार में हारमोनियम तबले व मंजीरे की आवाज फिजा में गूंजती थी। दादरा कहरवा के साथ एकताल त्रिताल, दीपचन्दी, रूपक, आडा चौताल की गमक वातावरण में गुंजायमान होता था। चौक से ही लगे बासपाई पारा में रखेली साज का जनाना परी कलाकार जगन्नाथ निर्मलकर जी रहा करते थे। इधर- मोहबा मोहारा से सुप्रसिद्धि हास्य कलाकार मदन निषाद की आमद होती थी चौखड़िया पारा क्षेत्र से सुप्रसिद्ध गायक रामरतन सारथी का भी आगमन होता था तब रात रात भर संगीतिक बैठकी हुआ करती थी। ब्राहमण पारा निवासी वीरेन्द्र शुक्ला व कला अनुरागी रामकृष्ण ठाकुर (लल्लू) नेबताया कि जब दुर्गा चौक में दाऊ जी का नाचा कार्यक्रम हुआ करता था तब हम देखने जाया करते थे। वह यही कोई 60 का दशक रहा होगा उस समय हम 10-11साल के रहे होंगे। दाऊ मंदराजी गाधी चौक स्थित रामायण प्रचारक भवन में भी आते थे। तब के समय के खेलन महराज, मुन्ना प्रसाद तिवारी आदि के संग बैठ कर रामायण गायन करते थे। राग-रागिनियों की फुहारे उड़ा करती थी। इस दौर में राजनांदगांव में दो- तीन स्थानों पर सांगीतिक महफिले सजा करती थी जिसमें से एक कामठी लाइन में प्रसिद्ध चित्रकार ठा0 हीरा सिंह गौतम के यहां तबला, सितार, हारमोनियम के साथ मंदराजी दाऊ, शिवदत्त बाबू, रामरतन सारथी, पंकज श्रीवास्तव, सोनी जी, चिंतामणि रजक, आदि कला संगीत के अनुरागियों का गायन-वादन होता था। गीत -संगीत की फुहारें उड़ा करती, राग रागनियों का बहार छिड़ती थी। शास्त्रीय तालों की गमक से वातावरण आन्दोलित होता था लोग एक-एक ताल मात्रा में झूम उठते थे। तबले के सम पर आने पर उनके मुह से अनायास आह व वाह निकल पड़ती थी।

इस आलेख के लेखक ने स्वयं दाऊ मंदराजी के साथ वाद्य वादन कर प्राथमिक रूप से राग रागनियो की जानकारी पाई है। नाचा कार्यक्रम में यमन राग के गीत जो दादरा में निबद्ध था भैरेवी के सुर लगा कर को नचाने की चेष्टा की, तो दाऊ जी ने उसे भरे मंच से झिड़की लगा दी। लेकिन बाद में उन्होंने प्रेम से समय के आधार पर राग रागनियों के गायन वादन के मर्म समझाया। उस समय लेखक का लोक कला संगीत के क्षेत्र का प्रथम परिचय था सो दाऊजी के बताए बात को उन्होंने गाठ बांध कर रख ली जो उसके संगीत निर्देशन के क्षेत्र मे काम आ रहा है। पितृपक्ष काल में 24 सितंबर 1984 को इस फानी दुनिया को अलविदा करने वाले मूर्धन्य लोक कला धर्मी मंदराजी दाऊ को उनकी पुण्य तिथि पर कृतज्ञता पूर्वक स्मरण करते हुए लोक कलाकार उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

**आत्माराम कोशा ''अमात्य''**
**लखोली नाका चंडी चौक**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 267 : लक्ष्मण जी और उर्मिला जी के कक्ष में पसरा है गहरा मौन

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सीता जी ने प्रसाद का पात्र अपने हाथ में लिया और एक फल उठाकर श्री राम की ओर बढ़ाते हुए कहा, 'जहां आप हैं, वहीं मेरे लिए तीनों लोकों के सुख से बढ़कर है।वहीं मेरे लिए अयोध्या है।आप तो सर्वज्ञ हैं।सुख भौतिक वस्तुओं में नहीं बल्कि उस अनुभूति में होता है, जहां हमारी आत्मा न्यूनतम आवश्यकताओं में भी स्वयं को संतुष्ट और प्रसन्न रख सकती है। जहां आप हैं,वहां मुझे भला किसी और चीज की आवश्यकता कैसे हो सकती है पुरुषोत्तम?'

सीता जी और राम जी तो वनवास में साथ रहेंगे क्योंकि सीता जी ने स्वेच्छा से श्री राम के साथ वनवास हेतु प्रस्थान करने का निर्णय लिया है लेकिन लक्ष्मण जी और उर्मिला जी के जीवन में एक अलग स्थिति निर्मित हुई है। जहां उर्मिला जी अयोध्या में रहेंगीं,वहीं लक्ष्मण जी अपने भैया राम और भाभी सीता के साथ वनों की खाक छानेंगे।

लक्ष्मण जी और उर्मिला जी के अपने निज कक्ष में पहुंचने के बाद बहुत देर तक मौन पसरा रहा। अपने ज्येष्ठ भ्राता राम के अयोध्या का युवराज बनने की प्रसन्नता में लक्ष्मण जी ने कक्ष को अलंकृत किया है। उनकी पत्नी उर्मिला ने एक थाल तैयार रखा है,जिसमें लक्ष्मण जी के अभिषेक स्थल की ओर प्रस्थान के समय आरती उतारने के लिए अक्षत,कुमकुम और दीप हैं। अब स्थिति बदल गई है और लक्ष्मण जी अभिषेक स्थल की ओर नहीं बल्कि वन की ओर प्रस्थान करेंगे और वह भी 14 वर्षों के लिए। श्री राम जहां माता कैकेई की इच्छा जानकर और पिता की विवशता जानकार वन प्रस्थान को वचनबद्ध हो गए, वहां माता सीता ने अपने स्त्री धर्म का पालन किया और प्रभु के साथ वन जा रही हैं।

लक्ष्मण जी श्री राम के प्रेम के वशीभूत वन जा रहे हैं और उनकी प्रिय पत्नी उर्मिला अगले 14 वर्षों तक उनके आने की प्रतीक्षा करती रहेंगी।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -187

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. इदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 186 का हल



## कविता

### सत्य की राह

धूप की चाह में हम निकलते रहे
धूप छांव में आपस में बदलते रहे
हम चले थे नए सफर की तरफ
हर सफर की सीमाएं बदलते रहे

जोशी ही जोश में हम चलते गए
लक्ष्य ले मंजिल को बढ़ते ही गए
कर्म की राह में चलो चल करके
नियति को अब हम बदलते रहे

नित चलते रहे हम नेक राह पर
संघर्ष हेतु खुद को आगह कर
परिश्रम की तीक्ष्णतम धार से
अब हर गम खुशी में बदलते रहे

गर इरादे है पक्के तो राह क्या है
ईमान हो सच्चे तो परवाह क्या है
जब लिया है संकल्प सच का तो
सत्य से असत्य को कुचलते रहे

राह होगी कठिन तो होने दीजिए
लाखों हो संघर्ष ना परवाह कीजिए
दाग लगेगा दामन में कोई बात नहीं
सत्य की आग में कंचन निखरते रहे

रचनाकार
प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी छ.ग.
9907126431

## कविता


### अपनापन

रिस्तों में दिखाने के लिए कुछ नहीं है,
अपनों को अपना बनाने के लिए कुछ नहीं है,
सिर्फ एक डोर है, सच्चे मन की,
आँखों में आंसु को रखने के लिए कुछ नहीं है।
थम सी जाती है सांसे,
जब अपना कोई दुखी होता हैं,
मरने के लिए कोई वजह की जरूरत कुछ नही है,
जो कुछ भी हो दिल में कहने को
जुबा से बोलने के लिए कुछ नहीं है।
हम और आप सुनने लग जाए,
कोई समस्या के लिए जगह कुछ नहीं है,
बस अपनो के साथ हँसने-रोने कि है,
सारे हालात, तनाव,
रोग परिस्थितियाँ कुछ भी नहीं है।




किशन श्यामकुंवर
शंकरपुर 'अलका'

## राशिफल



**मेष**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज आपको शहर में जॉब करने के नए अवसर मिलेंगे। लवमेट्स में पहले से चली आ रही गलत फहमियाँ आज खत्म होंगी, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।



**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आप व्यस्त हो सकते हैं। धैर्य से काम लें। आज संतान, परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमें चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।



**कर्क**
आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज अपनी भाषा में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज बड़े लोगों से मुलाकात के योग बन रहे हैं।



**कन्या**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज अपनी भाषा में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज बड़े लोगों से मुलाकात के योग बन रहे हैं।



**तुला**
आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से.. आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी बहस होने की संभावना बन रही है। आपको मैडिटेशन की हैबिट डालनी चाहिए।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। धैर्य और समझदारी रखें। परिवार के कामों में आपका कुछ् धन खर्च हो सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आर्ट स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, ज्यादा समय अध्ययन में गुजरेगा।




**धनु**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम सफल होगा। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी। आज आपको अपनी मनपसंद चीज मिल सकती है। आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए।



**मकर**
आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। सही योजना के तहत.. आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम रहेंगे। आप अपने काम व जीवन के बीच बैलेंस बनाये रखेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।



**कुंभ**
आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा अच्छा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद.. लाभ का योग बना रहेगा। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा 7 आपके अच्छे काम से उच्चाधिकारी खुश होंगे। घर पर मेहमानों का आगमन होगा।



**मीन**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

# शैलेन्द्र वर्मा को पार्षद पद से बर्खास्त करने कांग्रेसियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेसियों ने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।। दरअसल वर्ष 2023 में खैरागढ़ सीएमओ और तत्कालीन पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के आपसी साठगांठ से नगर पालिका खैरागढ़ में बिना सामान खरीदे लाखों रुपए का भुगतान किया गया था और सरकारी पैसों की बंदरबाट हुई थी। इसे लेकर भाजपा लगातार विरोध कर रही थी। भाजपा के विरोध के बाद प्रशासन हरकत में आया और विभागीय जांच शुरू की।

जांच में तत्कालीन सीएमओ झा दोषी पाए गए, जिन्हें शासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित भी कर दिया था। लेकिन पूरे मामले में सीएमओ खैरागढ़ के साथ ही नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई, जिसे लेकर आज विधायक प्रतिनिधि और कांग्रेस के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**पूर्व नगर पालिका परिषद के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप, कांग्रेसियों ने की कार्रवाई की मांग**



मामला खैरागढ़ नगर पालिका परिषद का है, एक जून 23 से 31 दिसंबर 23 की अवधि में नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षद, 14 वें वित्त, 15 वें वित्त, राज्य परिवर्तित, पालिका, दीदी बर्तन बैंक, मरम्मत संधारण, जलकष्ट निवारण मदों के अलावा अन्य मदों से सामाग्री क्रय किया जाना दर्शाकर लाखों रुपए का भुगतान किया गया। इसकी शिकायत भाजपा के महामंत्री रामाधार रजक ने कलेक्टर सहित नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव और संचालक से की थी।

शिकायत पत्र में बिना कोई सामग्री क्रय किए कुल 37 लाख 73 हजार रुपए की बड़ी राशि का भ्रष्टाचार किए जाने की बात सामने आई थी। जिसकी खरीदी और भ्रष्टाचार के दौरान नगर पालिका में इससे संबंधित कोई बिल बाऊचर और फाइल उपलब्ध नहीं थी। पालिका द्वारा कोई जिम सामाग्री क्रय भी नहीं किया गया था और सरकार के भंडार क्रय नियम का पालन भी नहीं किया गया था।

बीते दिनों बड़े नाटकीय तरीके से शैलेन्द्र वर्मा कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हो गए, जिसके बाद साढ़े सात साल बाद खैरागढ़ शहर में भाजपा का पालिका अध्यक्ष बना। अब चूंकि शैलेन्द्र भाजपा के हो गए हैं, इसलिए भाजपा की ओर से शिकायतों का सिलसिला रुक गया है, लेकिन भाजपा की जगह अब कांग्रेस ने शैलेंद्र वर्मा के ऊपर कार्यवाही करवाने मोर्चा खोल दिया है।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया कि नगर पालिका में हुई 37 लाख रुपये की सरकारी राशि की बंदरबांट के मामले की जांच में जब सीएमओ को दोषी पाया गया और निलंबित किया गया है,तो शैलेंद्र वर्मा के ऊपर कार्यवाही क्यों नहीं की गई है। चेक पर सीएमओ और अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर हैं, दोनों ने मिलीभगत कर ये लूट मचाई है इसलिए हम शैलेंद्र वर्मा के खिलाफ कार्यवाही कर उन्हें पार्षद पद से बर्खास्त करने की मांग की है।

## जिले के 5 शराब दुकानों के लिए अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न आहताओं के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित

खैरागढ़ (दावा)। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि कार्यालय आबकारी आयुक्त रायपुर के द्वारा जिले में देशी और विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों से संलग्न आहातों के लिए लाइसेंस जारी किया जाएगा। यह प्रक्रिया ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से की जाएगी, जो 15 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए वैध होगी।

**अंतिम तिथि 7 अक्टूबर तक**

इच्छुक निविदादाताओं से निविदाएँ आमंत्रित किया गया है। जो दि 23 सितंबर की प्रातः 10:30 बजे से लेकर 07 अक्टूबर 2024 की सायं 05:30 बजे तक निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन भरे जाने हैं। चयन प्रक्रिया का आयोजन जिला कलेक्टर, राजनांदगांव द्वारा 10 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। जिले के 05 आहातों के व्यवस्थापन के लिए देशी मदिरा अहाता खैरागढ़, विदेशी मदिरा अहाता खैरागढ़, देशी मदिरा अहाता छुईखदान, विदेशी मदिरा अहाता छुईखदान, देशी मदिरा अहाता गण्डई को चयन किया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से संपर्क किया जा सकता है।

## पहला कॉलम...

### रानीतराई में आदर्श उल्लास केंद्र का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। शासन की मंशा के अनुरूप उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत संकुल स्तरीय आदर्श उल्लास केंद्र का शुभारंभ संकुल सिंघोला अंतर्गत प्राथमिक शाला रानीतराई में ग्राम पंचायत रानी तराई के सरपंच राजेंद्र कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य एवं संकुल प्राचार्य धनीराम देवांगन की अध्यक्षता में किया गया। संकुल समन्वयक कुलदीप देवांगन द्वारा उल्लास साक्षरता के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। मुख्य अतिथि द्वारा स्वयंसेवी शिक्षकों एवं असाक्षरों को उल्लास पुस्तिका का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की शिक्षिका श्रीमती आरती सोनी, लुब्देश्वरी साहू, सरिता मिंज, देव कुमारी कौशिक, स्वाति जैन, ग्राम पंचायत के पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सभी से उल्लास साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की एवं अपने स्तर पर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान



डोंगरगढ़(दावा)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत योद्धा फिजिकल डिफेंस एकेडमी डोंगरगढ के ट्रेनी बच्चे और आईटीबीपी के जवान सयुक्त रूप से शासकीय नेहरू कॉलेज स्टेडियम डोंगरगढ़ में साफ सफाई की और घास को कटा गया।

### ब्लाक सतनामी समाज डोंगरगांव का गठन



डोंगरगांव (दावा)। दिनांक 22 सितंबर 2024 को डोंगरगांव ब्लॉक के सभी ग्रामों के सतनामी समाज का आम सभा रखा गया जिसमें समाज के प्रमुख छाडीदर, भंडारी, अध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में 101 लोगों द्वारा सर्वसम्मति से ब्लाक सतनामी समाज डोंगरगांव कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध रूप से किया गया जिसमें संरक्षक कुंभ दास जोशी, नेतराम देश लहरे, अजय सिरमौर, गीतम बंजारे, तुलाराम जोशी, रामचंद्र सोनी, दीपक कुमार, शैलेंद्र, बनाए गए इनके दिशा निर्देशन में ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में प्रेमलाल मिलकर उपाध्यक्ष राजेश भारती, महामंत्री राहुल देश लहरे, कोषाध्यक्ष राजकुमार चंदनिया, सचिव पूरन जांगड़े जी निर्विरोध रूप से बनाए गए उपरोक्त सभी समाज के लोगों ने चयनित पदाधिकारी को समाज का नेतृत्व शौप कर हार्दिक बधाई प्रदान किया।

### नागतराई के युवा रक्तवीर झुलेंद्र वर्मा हुए सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राजनांदगांव/केसीजी द्वारा आयोजित रक्तवीर सम्मान समारोह में छात्र युवा मंच के प्रदेश मंत्री युवा रक्तवीर भाई झुलेंद्र वर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने रक्तवीरों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले युवा रक्तवीर साथियों एवं शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। छात्र युवा मंच के हेमा साहू एवं देव कुमार वर्मा का भी सम्मान सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन द्वारा किया गया। स्वयं 18 बार रक्तदान करने वाले वर्मा ने बताया कि इस सम्मान का पूर्ण श्रेय छात्र युवा मंच संगठन को जाता है क्योंकि इस संगठन से जुड़ के ही समाज सेवा का भाव उनके मन में जागृत हुआ। इसी संगठन में 6 हजार लोगों को रक्त उपलब्ध कराकर मानव जीवन बचाने का कार्य कर रही है।

## गणेश प्रतिमा की स्थापना एवं यज्ञ हवन के पश्चात विधिवत विसर्जन संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में श्री गणेश प्रतिमा का स्थापना एवं यज्ञ हवन के पश्चात विधिवत विसर्जन धूमधाम से किया गया। सभी के उज्जवल भविष्य की कामना हेतु सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में शिशु भारती किशोर भारती और कन्या भारती के समस्त सदस्य और समस्त विद्यालय परिवार द्वारा गणेश जी की स्थापना की गई थी।विद्यालय के भैया बहनों द्वारा विसर्जन रेली गोल बाजार होते हुए निकली एवं शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। प्राचार्य प्रकाश यादव ,प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद शिशु भारती प्रमुख बोधन भारद्वाज वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज शुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस.राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि के संयुक्त प्रयास से गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**सभी के उज्जवल भविष्य की कामना के लिए गणेश जी की स्थापना**

## गंडई में पकड़ाया अवैध कबाड़ी सामान, पुलिस ने किया जप्त



गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर में बिना लाइसेंस के कबाड़ी समानों की धड़ल्ले से खरीदी बिक्री का काम जारी है, गंडई पुलिस को मुखबिर से 20 सितंबर शुक्रवार को शाम सूचना के आधार पर धमधा दुर्ग रोड वार्ड 15 स्थित सल्लू मेमन के कबाड़ी दुकान के सामने से पुलिस ने दो वाहन को अवैध कबाड़ी समानों के साथ पकड़ है, गंडई थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक धूरवा राम चंद्रवंशी ने बताया की आरोपी आयान मेमन पिता रफीक मेमन उम्र 20 वर्ष वार्ड 15 दुर्ग रोड के पास से कबाड़ी समान जप्त किया है जिसमें लोहे, टीन, कूलर समान, सहित वजनी एक टन 60 किलो ग्राम कीमती 21000 गाड़ी क्रमांक सीजी 08 एए 2367 नाशीर मेमन पिता अब्दुल रज्जाक उम्र 52 निवासी वार्ड 07 के पास से कबाड़ी समान जिसमें 4 टन 890 ग्राम कीमती 97000 गाड़ी क्रमांक एम एच 31 ई एन 5506 से जप्त किया गया, इन दोनों के खिलाफ धारा 35 बी एन एस एस, 303(2) बीएनएस कायम कर शपथ पत्र भरवाकर दोनों व्यक्ति को छोड़ा गया है। उक्त कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक धूरवा राम नागवंशी, प्रधान आरक्षक सुंदरू राम चंद्रवंशी शामिल रहे। गंडई थाना परिसर में दोनों वाहन को कबाड़ी समान के साथ रखा है।

### जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मराठवाड़ा (महाराष्ट्र) रवाना



खैरागढ़ (दावा)। भाजपा के राष्ट्रीय नेता व भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य उपस्थिति में 24 सितम्बर को मराठवाड़ा (महाराष्ट्र) के छत्रपति संभाजीनगर(औरंगाबाद)में अपेक्षित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता संवाद बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में सम्मिलित होने के लिए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह महाराष्ट रवाना हुए हैं।

**नवरात्रि पर्व पर रास गरबा महोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आगाज**

## नगर दशहरा उत्सव समिति की बैठक में बनी कार्यक्रमों की रूपरेखा



खैरागढ़ (दावा)। शहर में लंबे अंतराल के बाद इस बार नवरात्रि पर्व पर रास गरबा महोत्सव सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेंगी धूम। इस आयोजन को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष व नगर दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक विक्रांत सिंह की अध्यक्षता मे जिला भाजपाअध्यक्ष घम्मन साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नंद चंद्राकर की उपस्थिति में सोमवार 23 सितंबर को नगर दशहरा उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें नवरात्र पर्व की शुरुवात गुरुवार 3 अक्टूबर से बांके बिहारी मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ होगी। वही लंबे समय के बाद रास गरबा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन राजा फतेह सिंह खेल मैदान में शनिवार 5 अक्टूबर से रविवार 6, एवं सोमवार 7 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाना है। विजयादशमी पर्व के अवसर पर शनिवार 12 अक्टूबर की शाम को मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ पंथी नृत्य, राऊत नाचा, धमाल, डी.जे.के साथ शोभा यात्रा बांके बिहारी मंदिर परिसर से निकलकर शहर भ्रमण कर रावण भांटा इतवारी बाजार पहुंचेगी। जहां भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न होगा। इस वर्ष शहरवासियों को लंबे अन्तराल के बाद फिर से खैरागढ़ दशहरा में रौनक देखने को मिलेंगी। बैठक में प्रमुख रूप से रामाधार रजक, विकेश गुप्त, संजय शर्मा, सूर्य दमन सिंह, अनुज देवांगन, विनय देवांगन, आलोक श्रीवास, आयश सिंह (बोनी), कमलेश कोठले, अजय जैन, रूपेंद्र रजक, राजेश देवांगन, शैलेंद्र वर्मा, शौर्यादित्य सिंह, निकेश सिंह, पियूष पटेल, ऋषभ सिंह बघेल सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

**00 नगर दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक संपन्न**

**00 शनिवार 5 अक्टूबर से सोमवार 7 अक्टूबर तक तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव**

## प्रधान पाठक ओपी चुरेन्द्र द्वारा शासकीय शाला टटेंगा में न्योता भोज कराया गया



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को प्रधान पाठक ओपी चुरेंद्र के द्वारा न्योता भोज में खीर पुरी कराया गया, जिसमें माध्यमिक शाला के शिक्षक मोहन माला, लिलेंद्र देवांगन, चंद्रभान देवांगन, नेहा साहू, गायत्री देवांगन, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्वशा, रमेश हिरवानी, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक लिखन सरपा, संजय साहू, खोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, सफाई कर्मचारी डिगेश्वर यादव, जीतेन्द्र साहू, रसोईया सविता साहू, तामेश्वरी साहू, अनुसुइया साहू, चन्द्रिका साहू, चुरामणी मानकर, नीतू सिन्हा की उपस्थिति में न्योता भोज सम्पन्न हुआ। समस्त शाला परिवार में चुरेंद्र सर को उज्वल भविष्य की कामना करते हुआ बधाई दी।

## मुसरा हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को हेल्थ केयर का कराया गया औद्योगिक भ्रमण

**विगत 8 वर्षों से व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत विषय हेल्थ केयर का संचालन**



डोंगरगढ/मुसरा (दावा)। शा.उ.मा.विद्यालय मुसरा के कक्षा बारहवीं के हेल्थ केयर के 36 विद्यार्थियों, कक्षा ग्यारहवी के 38, कक्षा दसवी के -29 तथा कक्षा नवमी के 33 विद्यार्थियों का क्रमशः दिनांक 09, 10, 11 तथा 12 सितम्बर 2024 को औद्योगिक भ्रमण व्यावसायिक प्रशिक्षक संजय कुमार ठाकुर (ट्रेड-हेल्थ केयर) के नेतृत्व में तथा प्रभारी प्राचार्य कौशल राम चंद्रवंशी की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में कराया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी कार्यो जैसे बाह्य रोगी विभाग में मरीजों की जांच, रक्तचाप मापना, रक्त जांच करना, दवाइयों का वितरण, जबकि आतंरिक रोग विभाग में प्रसव पश्चात माता की देखभाल, माता और संतान के लिए जरुरी पोषक तत्व इत्यादि के बारे में सीखाया गया।

औद्योगिक भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी के स्वास्थ्य कर्मी इंद्रकुमार बनवासी (आरएमओ), डॉ. प्रज्ञा कोचे (मेडिकल ऑफिसर), सुश्री समीक्षा गजभिये (लैब तकनीशियन) एवं श्रीमती मंजू टेम्भुलकर (एएनएम), श्रीमती मंजू लक्ष्मी वर्मा (ड्रेसर), श्रीमती कादम्बनी साहू, मुकेश वर्मा (पी.ए. डी.ए.) इत्यादि के द्वारा विद्यार्थियों को उचित दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिसकी प्रशंसा कौशल राम चन्द्रवंशी प्रभारी प्राचार्य शा.उ.मा.विद्यालय मुसरा ने की।

मुसरा में विगत 8 वर्षो से व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत विषय हेल्थ केयर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 9वी से 12वी तक कुल 136 विद्यार्थी अध्ययनरत है। विगत 4 वर्षो में कुल 120 हेल्थ केयर के छात्र 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे आयुर्वेदिक बीए एम.एस., पशु चिकित्सक, नर्सिंग, लैब तकनीशियन, एक्स रे तकनीशियन, बी.पी.एड तथा विशेषीकृत कोर्स इत्यादि विभागों में अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए है। हेल्थ केयर विषय के आ जाने से छात्र-छात्राओं में प्रोफेशनल कोर्सेज की ओर अत्याधिक रुझान बढ़ा है। जिसके लिए संजय ठाकुर की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

## आम आदमी पार्टी ने भूपेश तिवारी को सौपी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**नगरी निकाय चुनाव दम खम से लड़ेगी पार्टी**



राजनांदगांव(दावा)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने राजनांदगांव के अत्यंत सक्रिय कार्यकर्ता भूपेश तिवारी को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी है।

ज्ञातव्य है कि श्री तिवारी को राजनांदगांव का जिला अध्यक्ष पहले बनाया गया था। अब उन्हें लोकसभा क्षेत्र के सभी चार जिलों की बागडोर सौंप दी गई है। इन जिलों में राजनांदगांव कबीरधाम खैरागढ़ छुईखदान गंडई और मोहला मानपुर चौकी जिलों का अध्यक्ष बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू और राज्य प्रभारी संजीव झा तथा राज्यसभा प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया गिरी बेयरिंग के संयुक्त हस्ताक्षरिक पत्र में इन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री तिवारी के पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष बनने पर लोकसभा क्षेत्र के सभी चार जिलों में समर्थकों ने पटाखे फोड़ एवं मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। 21 सितंबर को आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में नगरीय निकाय चुनाव दम खम से लड़ने पर आम सहमति बनी। इसके लिए महापौर नगर पालिका अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षद आदि प्रत्याशी का चयन बाद में किया जाएगा। लोहरीड़ीह जॉच समिति में भी शामिल किए गए।

उल्लेखनीय है कि इन दोनों कबीरधाम जिले के लोहरीड़ीह गांव की घटना अखबारों एवं टीवी चैनलों में प्रमुख समाचार बने हुए हैं। लगातार तीन मौत को लेकर सियासत भी गरमाई हुई है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी अपनी स्तर पर जांच करेगी। इसके लिए जांच समिति गठित कर ली गई है। जिसमें भी भूपेश तिवारी का नाम शामिल है प्रमुखता से शामिल है। बैठक में चंद्रमणि वर्मा, सर्वजीत सिंह भाटिया अशोक चौबे, विवेक सिन्हा, कैलाश पंड्या, लोकेश रामटेके, गुरुदेव, आरिफ खान, एस.के. खान, प्रकाश खोब्रागड़े सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## स्वास्थ्य समस्याओं के कारण पोप फ्रांसिस ने रद्द की बेल्जियम-लक्जमबर्ग की यात्रा

नई दिल्ली। 87 वर्षीय पोप फ्रांसिस कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। 13 सितंबर को एशिया के 11 दिवसीय यात्रा से लौटने के बाद से ही उनसे मिलने के लिए दर्शकों की भीड़ लगी है। पोप फ्रांसिस की तबीयत खराब हो गई है। उनमें मामूली फ्लू जैसे लक्षण देखे गए। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी। अब उनके आगामी कई दौरे रद्द करने पड़ रहे हैं। वैटिकन के मुताबिक, खराब सेहत की वजह से पोप ने अपने कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पोप फ्रांसिस गुरुवार को लक्जमबर्ग के लिए रवाना होने वाले थे और बाकी का समय वे बेल्जियम में बिताने वाले थे। रविवार को ब्रुसेल्स में एक सामुहिक प्रार्थना के बाद वे अपनी यात्रा का समापन करने वाले थे। 87 वर्षीय पोप फ्रांसिस कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। 13 सितंबर को एशिया के 11 दिवसीय यात्रा से लौटने के बाद से ही उनसे मिलने के लिए दर्शकों की भीड़ लगी है। यह उनका अबतक का सबसे लंबा दौरा था। होली सी प्रेस ऑफिस ने एक बयान जारी कर बताया कि फ्रांसिस को फ्लू होने का अनुमान है। पिछले साल जाड़े के दौरान पोप फ्रांसिस ब्रोंकाइटिस से जूझ रहे थे, जिसके कारण उन्हें दुबई का दौरा रद्द करना पड़ा था।

## शेयर बाजार : ऑटो शेयरों में तेजी

नई दिल्ली । भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में नए रिकॉर्ड हाई पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 84,843 और 25,903 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। सुबह 9꞉23 पर सेंसेक्स 243 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,787 और निफ्टी 101 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,901 पर था। शुरुआती सत्र में बाजार का रुझान भी सकारात्मक था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1654 शेयर हरे निशान में और 580 शेयर लाल निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 244 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,453 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 135 अंक या 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,467 पर था। एनएसई पर ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, पीएसई और ऑयल एंड गैस सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। केवल प्राइवेट बैंक इंडेक्स में ही लाल निशान में कारोबार हो रहा था। डिस्काउंट ब्रोकर स्टॉककार्ट के मुताबिक, तेजी से खुलने के बाद निफ्टी के लिए 25,400 और 25,200 एक अहम सपोर्ट है। 25,800 एक रुकावट का स्तर है। ट्रेंड बुलिश बना हुआ है। आने वाले दिनों में निफ्टी 26,000 और 26,400 को भी छू सकता है।

## श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने ली शपथ

नई दिल्ली। पड़ोसी देश श्रीलंका को अपना नया राष्ट्रपति मिल गया है. सोमवार सुबह अनुरा कुमारा दिसानायके ने देश के नौवें राष्ट्रपति की शपथ ले ली है. रविवार को हुई मतगणना में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी समागी जन बालवेगया पार्टी के साजिथ प्रेमदासा को हराया है. दिसानायके मार्क्सवादी जनता विमुक्ति पेरामुना पार्टी के गठबंधन मोर्चे नेशनल पीपुल्स पावर की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनाए गए थे.रविवार को हुई मतगणना के पहले फेस में कोई भी उम्मीदवार 50 फीसद वोट लेने में कामयाब नहीं हो पाया था. जिसके बाद चुनाव दूसरे दूसरे प्रेफरेंस दौर में चला गया था. जिसकी गिनती के बाद दिसानायके देश के राष्ट्रपति चुने गए हैं. श्रीलंका की जनता को उम्मीद है कि वह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे और भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे. पूरे चुनाव प्रचार के दौरान दिसानायके ने खुद एक उदारवादी और बदलाव के लिए अग्रसर नेता के तौर पर पेश किया है.

## टाटा संस को राहत, 1500 करोड़ के जीएसटी मामले से मिला छुटकारा

नई दिल्ली। टाटा संस को बड़ी राहत देते हुए, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग के न्यायाधिकरण (एए) ने डोकोमो के साथ एक समझौते पर कंपनी पर 1,500 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी मांग को खारिज कर दिया है. मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि एए का आदेश मध्यस्थता में लगी कंपनियों के लिए मिसाल बनेगा. एक अधिकारी ने कहा कि भाग के पास उच्च न्यायालय में इसे चुनौती देने का विकल्प है. 2019 में जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 1.27 बिलियन डॉलर पर 18त्न जीएसटी का दावा किया था, जिसे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी ने 2017 में टाटा टेलीसर्विसेज के साथ विवाद को निपटाने के लिए जापानी टेलीकॉम कंपनी को भुगतान किया था. इसने तर्क दिया कि चूंकि भुगतान टाटा टेलीसर्विसेज की ओर से किया गया था, इसलिए इसे टाटा संस से समूह की फर्म को लोन के रूप में माना जाना चाहिए और इसलिए 18त्न जीएसटी के लिए उत्तरदायी होना चाहिए. टाटा संस ने इस दावे को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि यह भुगतान लंदन की एक अदालत में मध्यस्थता कार्यवाही का परिणाम था और इसलिए जीएसटी लागू नहीं था.

# पहले टेस्ट में श्रीलंका ने दर्ज की रोमांचक जीत, बेकार गई रचिन रविंद्र की शानदार पारी

**गाले। न्यूजीलैंड के साथ खेले गए पहले टेस्ट मैच को श्रीलंका क्रिकेट टीम ने 63 रन से जीतकर अपने नाम कर लिया है. गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने 275 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन कीवी टीम ने पूरी कोशिश की और रचिन रविंद्र की 92 रनों की तूफानी पारी के बावजूद पूरी टीम 211 रनों पर ही ऑलआउट हो गई और श्रीलंका ने 63 रन से मैच को अपने नाम कर लिया.**




न्यूजीलैंड के साथ खेले गए गाले टेस्ट मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया. पहली पारी में लंकाई टीम ने कमिंदु मेंडिस की शतकीय पारी की बदौलत 305 रनों का स्कोर बनाया. हालांकि, न्यूजीलैंड के लिए भी पहली पारी अच्छी रही, जहां टीम ने 340 रन बोर्ड पर लगाए. पहली पारी के आधार पर 35 रनों की बढ़त मिली. लेकिन, फिर दूसरी पारी में श्रीलंका ने 309 रन बना दिए और न्यूजीलैंड को जीतने के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया.

गाले टेस्ट मैच की पहली पारी के बाद न्यूजीलैंड की टीम का पलड़ा भारी लग रहा था. लेकिन, दूसरी पारी में श्रीलंका ने गजब की वापसी की और कीवी टीम को 275 रनों का लक्ष्य दिया. चौथी पारी में इसे चेज करना न्यूजीलैंड के लिए आसान नहीं था, फिर भी टीम ने पूरी कोशिश की, मगर वह 211 के स्कोर तक ही पहुंच सकी और 63 रन से मैच हार गई.

275 रनों का लक्ष्य न्यूजीलैंड के लिए मुश्किल नहीं था. रचिन रविंद्र जब तक क्रीज पर थे, ऐसा लग रहा था कि न्यूजीलैंड मैच में बाजी मार सकती है, लेकिन फिर प्रभथ जयसूर्या ने 92(168) के स्कोर पर उन्हें आउट किया और मैच को अपनी ओर झुका दिया. श्रीलंका के प्रभाथ जयसूर्या ने सबसे अधिक 9 विकेट चटकाए और न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी. मैच विनिंग बॉलिंग परफॉर्मेंस के लिए प्रभाथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया. बताते चलें, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच 26 सितंबर से शुरू होगा.

# पृथ्वी से दिखेगा दूसरा चांद... !

वॉशिंगटन। इस साल सितंबर के आखिर से नवंबर के आखिर तक, करीब महीने एक मिनी-मून धरती की परिक्रमा करेगा। इसे 2024 पीटी5 नाम दिया गया है। इसकी वजह से धरती से अंतरिक्ष में दो चांद दिखाई देंगे। हालांकि इस मिनी-मून को नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता है, इसे देखने के लिए हाई पावर वाले टेलीस्कोप की जरूरत होगी। यह मिनी-मून यानी 2024 पीटी5 सिर्फ 10 मीटर (33 फीट) व्यास का है। इस एस्टेरॉयड, 2024 पीटी5 को इसी साल अगस्त में खोजा गया था।



सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, मिनी-मून वे एस्टेरॉयड हैं, जिन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की वजह से ग्रह के चारों ओर की कक्षा में आ जाते हैं और वे तब तक इनमें रहते हैं जब तक कि वे अलग होकर फिर से दूर नहीं चले जाते। इन मिनी-मून के कक्षा में रहने की अवधि इस बात पर निर्भर करती है कि वे किस गति से पृथ्वी के पास पहुंचते हैं। पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करने वाले ज्यादातर मिनी-मून को देखना मुश्किल होता है। इसकी वजह उनका बहुत छोटे होना और अंतरिक्ष के अंधेरे की पृष्ठभूमि में दिखने के लिए पर्याप्त चमक नहीं होना है।

मिनी-मून बेहद दुर्लभ होते हैं। ये एस्टेरॉयड आमतौर पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की वजह से ग्रह की कक्षा में 10 से 20 वर्षों में एक बार ही आते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में सामने आया है कि ये एक्सोस्फीयर में रह सकते हैं, जो पृथ्वी की सतह से लगभग 10,000 किमी (6,200 मील) ऊपर है।

# विदेशी राजनयिकों के काफिले पर आतंकी हमला से पुलिसकर्मी की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात घाटी में रविवार को एक पुलिस काफिले पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से हमला हुआ. यह काफिला 24 विदेशी राजनयिकों और उनके परिवारों को सुरक्षित ले जा रहा था. इस हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए हैं.

राजनयिक इस्लामाबाद में चैंबर ऑफ कॉमर्स और स्वात चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वापस जा रहे थे. जो राजनयिक इस काफिले में शामिल थे उनमें रवांडा की उच्चायुक्त फातू हररीमाना, पुर्तगाल के राजदूत मैनुएल फेडेरिको पिन्हेरो दा सिल्वा, ताजिकिस्तान के राजदूत शरीफजादा युसूफ तोइर, जिम्बाब्वे के राजदूत अबू बसुतु टाइटस मेहलीस्वा जोनाथन, ईरान के राजदूत डॉ. रेजा अमीरी मोगादम, रूस के राजदूत अल्बर्ट खोरव, रूस के राजदूत सहित बोस्निया और हर्जेगोविना, इंडोनेशिया, कज़ाखस्तान, वियतनाम और इथियोपिया के राजनयिक शामिल थे.

मलकंद डिवीजन के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल, मुहम्मद अली गंडापुर ने इस बात की पुष्टि की है कि ब्लास्ट एक रिमोट-कंट्रोल्ड डिवाइस से हुआ. उन्होंने कहा कि धमाके में कोई भी विदेशी राजनयिक हताहत नहीं हुआ. धमाके के बाद सभी राजनयिक बुरी तरह घबरा गए थे.

राजनयिकों को सुरक्षित ले जाने से पहले कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसमें 36 पुलिस अधिकारियों को राजनयिकों की सुरक्षा के लिए नियुक्त किया गया था.

# निकोलस पूरन के तूफान में उड़े बड़े-बड़े गेंदबाज, 6 चौके 7 छक्के लगाकर टीम को दिलाई जीत

**नईदिल्ली । प्रीमियर लीग 2024 में एक बार फिर निकोलस पूरन नाम के तूफान ने गेंदबाजों के छक्के छुड़ा दिए. सीपीएल के 25वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइर्स और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के बीच खेले गए मुकाबले को नाइट राइडर्स टीम ने 7 विकेट से जीतकर अपने नाम कर लिया है. मैच जिताऊ पारी खेलने के लिए निकोलस पूरन को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया.**



ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और सेंट किट्स एंड वेनिस पैट्रियट्स को पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाया. कप्तान आंद्रे फ्लेचर की 93 और कायल मेयर्स की 60 रनों की तूफानी पारी की बदौलत इस टीम ने 193/4 रनों का स्कोर बोर्ड पर लगाया.

कप्तान आंद्रे फ्लेचर ने 61 गेंदों पर 152.46 की स्ट्राइक रेट से 93 रन बनाए. जबकि काइल मेयर्स ने 30 गेंदों पर 200 की स्ट्राइक रेट से 60 रनों की अहम पारियां खेलीं. वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं. जहां, वह लगातार अपनी टीम के लिए रन बना रहे हैं. पैट्रिओट्स के साथ खेले गए मुकाबले में खतरनाक अंदाज में बल्लेबाजी की. उन्होंने 43 गेंदों पर 216 रनों की स्ट्राइक रेट से 93 रनों की पारी खेली. अपनी पारी में पूरन ने 6 चौके और 7 छक्के भी लगाए.

निकोलस पूरन की तूफानी पारी के अलावा नाइट राइडर्स के लिए ओपनिंग बैट्समैन जेसन रॉय ने 64(34) रनों की आतिशी पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. 194 रनों के लक्ष्य को नाइट राइडर टीम ने 18.3 ओवर्स में सिर्फ 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और 7 विकेट से एक बड़ी जीत हासिल की. कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के प्वाइंट्स टेबल की बात करें, तो सैंट लूसिया किंग्स 12 अंकों के साथ पहले नंबर पर है. गुयाना अमेजन वॉरियर्स दूसरे, बारबाडोज रॉयल्स तीसरे और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स चौथे स्थान पर है. ये चारों टीमें टॉप-4 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं.

# भारत ने खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए ब्राजील और भूटान के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने संयुक्त परियोजनाओं और तकनीकी सहयोग के माध्यम से खाद्य सुरक्षा में सुधार के लिए ब्राजील के कृषि और पशुधन मंत्रालय (एमएपीए) के साथ साझेदारी की है, सरकार द्वारा रविवार को यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय राजधानी में हुए ग्लोबल फूड रेगुलेटर्स समिट 2024 के साइडलाइन में दोनों देशों के बीच एमओयू साइन किए गए। एफएसएसएआई के सीईओ जी कमला वर्धन राव ने कहा, यह निर्णय खाद्य सुरक्षा की ओर हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह खाद्य सुरक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों में हमारी प्रगति का प्रतीक है।

राव ने आगे कहा कि हम अपने सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने और दोनों देशों में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए एमएपीए के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

ब्राजील से आए एमएपीए के प्रतिनिधियों की ओर से कहा गया कि खाद्य सुरक्षा के लिए दोनों देशों के बीच हुआ यह समझौता द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर है। यह इंस्टीट्यूशनल साझेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से टेक्निकल कॉरपोरेशन और अनुभवों को साझा करने की अनुमति देता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाले एफएसएसएआई की ओर से समिट में भूटान फूड और ड्रग अथॉरिटी (बीएफडीए) से भी द्विपक्षीय बातचीत की गई। इस मीटिंग में मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूटान यात्रा के दौरान भारत और बीएफडीए के समझौतों को लागू करने के लिए बातचीत की गई। राव की ओर से कहा गया कि हम बीएफडीए के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम खाद्य सुरक्षा का मजबूत और प्रभावी फ्रेमवर्क बना रहे हैं, जो कि दोनों देशों के हितों में हो।

# इस्राइली सेना ने लेबनान में 300 से अधिक ठिकानों पर हमला किया, हिज्बुल्ला पर दबाव

नई दिल्ली। इस्राइल और लेबनान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। हिज्बुल्ला पर दबाव बनाने के लिए इस्राइल ने लेबनान के 300 ठिकानों पर हमला किया है। इस्राइली सेना की ओर यह दावा किया गया है। हालांकि अब तक लेबनान और हिज्बुल्ला की ओर से हमलों को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



गाजा युद्ध का दंश झले रहे पश्चिम एशिया के एक और मोर्चे पर वार-पलटवार तेज हो गया है। लेबनान समर्थक हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच तनातनी चरम पर है। दोनों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चेतावनियों को दरकिनार कर एक दूसरे की सीमा पर हमला तेज करने की धमकी दी है। इस्राइल ने अपने खिलाफ हमास का साथ देने के लिए खड़े हुए हिजबुल्ला की कमर पूरी तरह तोड़ने की ठान ली है। लगातार कई दिनों से इस्राइल ने हिजबुल्ला के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई की है। पहले पेजर, फिर वायरलैस सीरियल ब्लास्ट उसके बाद हवाई हमले किए। वहीं, हिजबुल्ला चीफ नसरुल्लाह ने भी नतीजे भुगतने की चेतावनी दी है।

रविवार को हिज्बुल्ला ने उत्तरी इस्राइल में 100 से अधिक रॉकेट दागे थे। रॉकेट इस्राइल के हाइफा शहर के पास गिरे थे। इस हमले में चार लोग घायल हो गए। वहीं रॉकेट हमले के बाद हिज्बुल्ला के उपनेता नईम कासिम ने खुली लड़ाई का एलान किया था।

# भारत का रेडीमेड गारमेंट्स निर्यात अप्रैल-अगस्त में बढ़कर 6.4 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली। वैश्विक तनावपूर्ण माहौल के बीच भी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यात में चालू वित्त वर्ष के अगस्त में सालाना आधार पर 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-अगस्त की अवधि के बीच भारत का आरएमजी निर्यात करीब 6.4 अरब डॉलर रहा है।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के मुताबिक, भारत के आरएमजी निर्यात में ऐसे समय पर वृद्धि हुई है, जब रेड सी क्राइसिस के कारण लॉजिस्टिक लागत में इजाफा हो गया और वैश्विक स्तर पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि भारत के आरएमजी निर्यात में अप्रैल से अगस्त 2024 के बीच औसत 7.12 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में वृद्धि जब हो रही है, तब वस्तुओं का निर्यात गिरकर अगस्त में 13 महीने के निचले स्तर को छू गया है।

आगे कहा, इंडस्ट्री को मजबूत देखना काफी उत्साहजनक है। उत्पाद की गुणवत्ता के साथ-साथ पर्यावरण और सामाजिक अनुपालन पर ध्यान देने के साथ इंडस्ट्री उच्च वृद्धि दर और परिधान निर्यात का एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिए तैयार है। एईपीसी के जनरल सेक्रेटरी मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में हमारा निर्यात जापान, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस और नॉर्वे में क्रमश꞉ 7.7 प्रतिशत, 16.8 प्रतिशत, 12.5 प्रतिशत, 6.6 प्रतिशत और 17.3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एईपीसी ने आगे कहा कि यह अधिक श्रम क्षमता ग्रहण करने वाला सेक्टर है, जो भारत डेमोग्राफिक डिविडेंड का फायदा उठाते हुए विकास के लिए तैयार है।

# प्रथम पेज का शेष

***आसमान से बरसी मौत ...***

बिजली गिरने से यह हादसा हुआ। उक्त हादसे में उसके स्कूल के रवि पटेल पिता कमलेश पटेल (17 वर्ष) मनगटा, शशिकांत साहू पिता चंदू साहू (17वर्ष) मनगटा, परस साहू पिता लूनकरण साहू (17 वर्ष) तीनों मनगटा के व नीतीश धनकर पिता दिनेश धनकर (17 वर्ष) जोरातराई के व चुरामन पिता बोधन देवांगन ग्राम बोली जोरातराई के है। सभी बच्चे 11वीं के छात्र हैं। अन्य 4 में से एक बच्चा मनगटा के वहीं एक व्यक्ति रमेश नेताम जोरातराई का है जो घायल हैं। वहीं एक व्यक्ति तिलई व एक जोरातराई के पास के तिलई ग्राम का है। सोमनी थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि मृतकों में चिमन पिता बोधन देवांगन (35वर्ष) ग्राम तिलई, अनिल कुमार पिता बिशंभर साहू (35वर्ष) जोरातराई व परदेशी विश्वकर्मा (50 वर्ष) हाल मुकाम कोपेडीह, खेली सुरगी का नाम शुमार है।

***'वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए ...***

भारत विश्व से साझा करने के लिए तैयार है डीपीआई- प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एक सेतु होनी चाहिए, न कि बाधा। ग्लोबल गुड के लिए भारत अपना डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे विश्व से साझा करने के लिए तैयार है। भारत के लिए एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य एक कमिटमेंट है। सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए हमें मानव कल्याण, फूड, हेल्थ सिक्योरिटी, ये भी सुनिश्चित करनी होगी। भारत में 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाल कर हमने यह दिखाया है कि सतत विकास सफल हो सकता है।

***इजरायल ने लेबनान पर किए...***

पर निशाना बना रहा है। रविवार की सुबह जेजेरेल घाटी में 140 से ज्यादा रॉकेट और ड्रोन दागे गए हैं। इसके बाद हाइफा, रमत डेविड एयरपोर्ट, नाजरेथ, अफुला, निचली गलील सहित कई सैन्य ठिकानों के पास अलर्ट जारी किया था। आईडीएफ ने एक एक्स पर लिखा कि हिजबुल्लाह का आतंकवाद हमारे नागरिकों को निशाना बना रहा है। हजारों इज़रायलियों ने अपनी रातें शेल्टर होम में छिपकर बिताई हैं। रॉकेटों की बौछारें उनके सिर के ऊपर से गुजर रही थीं. कुछ उनके घरों पर भी गिरी हैं. रॉकेट अलर्ट सायरन रात भर लगातार बज रहे थे।

***अमित शाह बोले- जिसकी रैलियों में...***

और जातिवाद चरम सीमा पर था। पहली बार भाजपा ने पूरे हरियाणा की सरकार बनाने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि मोदी ने तय किया है कि हर माह हर माता-बहन के अकाउंट में 2100 रुपए डाले जाएंगे। 500 रुपए का गैस सिलेंडर देंगे। 0 कांग्रेस दलित नेताओं को कर रही अपमानित- केन्द्रीय गृहमंत्री ने कांग्रेस पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के दलित नेताओं को अपमानित करने का काम किया। चाहे डॉ. अशोक तंवर हो या कुमारी सैलजा। राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि विकास के बाद भारत में आरक्षण की जरूरत नहीं है और वे आरक्षण को हटा देंगे। एससी, ओबीसी के आरक्षण की रक्षा अगर कोई कर सकता है तो वह केवल नरेन्द्र मोदी ही हैं। अमित शाह ने कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी तो इन्होंने बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया। जब भाजपा आई तो हमने भारत रत्न दिया। 0 कांग्रेस सरकार में हुए गोहाना व मीरपुर कांड- अमित शाह ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के शासनकाल में 2005 में गोहाना कांड हुआ, 2010 में मीरपुर कांड हुआ, जिसके लिए कांग्रेस जिम्मेवार है। जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, तब उनके सीएम ने दिल्ली के दामाद को खुश करने के लिए किसानों की जमीनों को हथिया लिया और दामाद को दे दी। भाजपा ने हरियाणा में डीलर और दामाद वाली सरकार को खत्म करने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 2 लाख नौकरियां देने का वायदा किया है लेकिन यह नौकरियां केवल पर्ची और खर्ची वालों को ही देंगे।

**0 सिख विरोधी है कांग्रेस पार्टी**- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि सिखों को भारत में पगड़ी व कड़ा पहनने की स्वतंत्रता नहीं है। राहुल बाबा कौन से भारत में रहते हैं। ये वो भारत है जहां सिखों को पूरी आजादी है। हम सभी सिख गुरूओं का सम्मान करते हैं। हमारे सिख भाई पगड़ी और कड़ा पहनकर गुरुद्वारे में जाते हैं। कांग्रेस ने हमेशा सिक्खों का अपमान करने का काम किया है। कांग्रेस राज में दिल्ली में सड़कों पर हजारों सिक्खों का कत्लेआम हुआ। राहुल बाबा आपको कुछ करना है तो पगड़ी पहनकर गुरुद्वारे में जाओ और वहां माफी मांगो।

***पशु चर्बी विवाद के बीच मंदिर ...***

सरकार ने मिलावटी घी की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके साथ ही मंदिर में घी की आपूर्ति और प्रसाद बनाने के लिए खरीदी जाने वाली चीजों के टेंडर से जुड़े नियमों में बदलाव किया गया है।

**0 जगन मोहन रेड्डी ने आरोपों को किया खारिज**- पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आठ पन्नों का पत्र लिखा। रेड्डी ने चंद्रबाबू नायडू पर धार्मिक आस्थाओं को राजनीतिक लाभ के लिए ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और कहा कि यह पूरी तरह से झूठे आरोप हैं। जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया है कि मंदिर के लड्डूओं की लैब रिपोर्ट पुरानी है। यह रिपोर्ट उस समय की है जब तेलंगाना के मुख्यमंत्री खुद चंद्रबाबू नायडू थे।

जगन मोहन रेड्डी ने प्रधानमंत्री से इस मामले में दखल देने की अपील की। जगनमोहन ने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि नायडू के झूठे आरोपों के कारण देश के करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसलिए इस मामले में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। रेड्डी ने चंद्रबाबू नायूड की ओर से लगाए गए आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है।

***चाइल्ड पोर्नोग्राफी रखना...***

शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्ति जनक समग्री को, साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा। ऐसे मंचों द्वारा नियंत्रित कंप्यूटर संसाधन में मौजूद या उससे जुड़ी किसी भी सूचना, डेटा या संचार लिंक का उपयोग गैरकानूनी कार्य करने के लिए किया जा रहा है तो भी उन्हें आईटी अधिनियम की उपरोक्त धारा का संरक्षण नहीं मिलेगा। गौरतलब है कि मद्रास उच्च न्यायालय के 11 जनवरी 2024 के अपने फैसले में एस हरीश नाम के एक आरोपित व्यक्ति के खिलाफ दायर एक प्राथमिकी और आरोप पत्र को खारिज कर दिया था। प्राथमिकी में आरोप था कि हरीश को अपने मोबाइल फोन पर बच्चों के शोषण से संबंधित और अपमानजनक सामग्री देखते हुए पाया गया था। उच्च न्यायालय ने माना था कि यद्यपि यौन गतिविधि में लिप्त बच्चों को दिखाने वाले दो वीडियो आरोपी के मोबाइल फोन में डाउनलोड और संग्रहीत पाए गए थे और यह मानते हुए कि उसने वही देखा था, फिर भी यह पोक्सो की धारा 14 (1) के तहत अपराध नहीं बनता। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि बिना किसी प्रसारण या प्रकाशन के बाल पोर्नोग्राफी को देखना या डाउनलोड करना आईटी अधिनियम की धारा 67 बी के दायरे में नहीं आता है। एनजीओ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस ने उच्च न्यायालय के इस फैसले की वैधता को चुनौती दी थी। उसकी ओर से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने अदालत में खड़े थे। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता स्वरूपमा चतुर्वेदी ने हस्तक्षेप किया। शीर्ष की पीठ ने कहा कि पोक्सो की धारा 15 में तीन अलग-अलग अपराधों का प्रावधान है, जो उपधारा (1), (2) या (3) के तहत निर्दिष्ट किसी विशेष इरादे से बाल यौन सामग्री के भंडारण या कब्जे में रखने को दंडनीय अपराध माने गए हैं।

न्यायालय का मानना है कि इस पोक्सो में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए 'बाल पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) सही होगा। याचिकाकर्ता संगठन के संस्थापक भुवन रिभु ने फैसले के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रतिक्रिया की। उन्होंने कहा कि भारत ने एक बार फिर बच्चों को इस अंतरराष्ट्रीय और संगठित अपराध से बचाने और उनकी सुरक्षा के लिए रूपरेखा तैयार करके वैश्विक स्तर पर मार्ग प्रशस्त किया है। स्वयंसेवी संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस (जेआरसीए) के संस्थापक श्री रिभु ने कहा, भारत ने एक बार फिर बच्चों को इस अंतरराष्ट्रीय और संगठित अपराध से बचाने और उनकी सुरक्षा के लिए रूपरेखा तैयार करके वैश्विक स्तर पर मार्ग प्रशस्त किया है।

# जंक फूड खाने वाले सावधान!



ज्यादा मात्रा में जंक और अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड खाने वालों में डिमेंशिया का खतरा गंभीर है. जिसमें याददाश्त और सोचने की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है. उनमें स्ट्रोक का खतरा भी काफी ज्यादा है.
पिज्जा, बर्गर, फ्राइज, पैक्ड चिप्स, रेड मीट, बेकन, हॉट डॉग्स और सॉसेज जैसे जंक और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वालों के लिए चेतावनी आई है. ऐसे लोगों की याददाश्त गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है. मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं ने एक स्टडी में पाया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स की थोड़ी सी भी मात्रा याददाश्त कमजोर होने और स्ट्रोक का खतरा बढ़ा देती है.
पिछले दिनों अमेरिका में अल्जाइमर्स एसोसिएशन की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भी एक रिसर्च पेश की गई. 43 सालों तक चली इस रिसर्च में बताया गया कि ज्यादा मात्रा में अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड खाने वालों में डिमेंशिया का खतरा गंभीर है. जिसमें याददाश्त और सोचने की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है.

मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल की रिपोर्ट क्या कहती है

डॉ. डब्ल्यू टेलर किम्बर्ली के नेतृत्व में न्यूरोलॉजी में पब्लिश इस रिसर्च में पाया गया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के साइड इफेक्ट्स के बारें में बताया गया है. इससे पहले रिसर्च में जंक फूड को मोटापे, हार्ट डिजीज और डायबिटीज के लिए जिम्मेदार पाया गया था. हालांकि, नई स्टडी में इसे मेमोरी से जोड़ा गया है.

मेंटल हेल्थ को प्रभावित करता है जंक फूड

डॉ. किम्बर्ली ने बताया कि उनके रिसर्च में पाया गया कि जंक फूड यानी अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स दिमाग को बुरी तरह प्रभावित करती है. हालांकि, अभी इस पर ज्यादा रिसर्च की जरूरत है. इस रिसर्च में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स खाने और कॉग्नेटिव गिरावट या स्ट्रोक के जोखिम के बीच संबंध साबित नहीं किया लेकिन उम्र बढ़ने के साथ दिमाग की सेहत में हेल्दी आहार को महत्व को बताता है.

रिसर्च में क्या पाया गया

इस रिसर्च में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स ज्यादा खाने से स्ट्रोक का रिस्क में 8 प्रतिशत तक का इजाफा देखा गया. अध्ययन में यह भी पाया गया कि जितनी कम मात्रा में इस तरह की चीजें खाई जाएंगी, सोचने-समझने की क्षमता को नुकसान पहुंचने का रिस्क 12 प्रतिशत और स्ट्रोक का रिस्क 9 प्रतिशत तक कम हो सकता है.

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स क्या हैं

ऐसी चीजें जिन्हें ज्यादा प्रोसेस्ड किया गया है. जिनमें स्वाद को बढ़ाने के लिए एडिटिव्स होते हैं, उन्हें अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स कहा जाता है. इनमें फाइबर, विटामिन, प्रोटीन और खनिज कम होते हैं और ये शुगर, सोडियम और सैचुरेटेड फैट से भरे होते हैं. आलू चिप्स, सोडा, एनर्जी ड्रिंक, बेकन, सॉसेज, चिकन नगेट्स, इंस्टेंट सूप मिक्स, केचप जैसी चीजें इसमें शामिल हैं.



# भारत में डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच अपनाएं सेफ्टी गाइडलाइन्स

भारत में डेंगू के बढ़ते खतरे को देखते हुए इन 5 सुरक्षा सावधानियों का खास ध्यान रखें. ताकि मच्छर आपको काट न पाए. डेंगू बुखार, एडीज एजिप्टी मच्छर के कारण होने वाली मच्छर जनित बीमारी है. अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह गंभीर संक्रमण का कारण बन सकता है. चूंकि पूरे भारत में डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं.
इस आर्टिकल के जरिए आपको कुछ खास सावधानियों का पालन करने की सलाह देंगे. आप डेंगू होने की संभावना को कम कर सकते हैं. ताकि आप सुरक्षित हैं. इन 5 महत्वपूर्ण सावधानियों का ध्यान रखें.
मच्छर भगाने वाली दवा का इस्तेमाल करें- मच्छरों के काटने से खुद को बचाने के लिए मच्छर भगाने वाली दवा का इस्तेमाल करना सबसे आसान और सरल तरीकों में से एक है.
ऐसे रिपेलेंट चुनें जिनमें ष्ठश्वश्वञ्ज, पिकारिडिन या लेमन यूकेलिप्टस का तेल जैसे पदार्थ शामिल हों. इसे खुली त्वचा पर लगाएं, खास तौर पर सुबह और शाम के समय, जब एडीज मच्छर सबसे ज़्यादा सक्रिय होते हैं.
मच्छर काट न लें इसलिए खुद का ढ़ककर रखें. इसलिए जरूरी है कि आप लंबी पैंट, मोजे और जूते पहनें. हल्के रंग के कपड़े पहनें. क्योंकि गहरे रंग पर मच्छर ज्यादा बैठते हैं.

# सांस लेने में हो रही है परेशानी तो नसों में हो सकता है ब्लॉकेज, हार्ट अटैक से पहले कराएं टेस्ट



जब हार्ट में ब्लॉकेज होते हैं तो शरीर पर कई तरह के शुरुआती लक्षण दिखाई देते हैं. इन संकेतों को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है. हार्ट ब्लॉकेज यानी दिल की नसें अगर बंद है तो मरीजों को सांस लेने में तकलीफ हो सकती है. दरअसल, ब्लॉकेज के कारण शरीर में ऑक्सीजन काफी ज्यादा प्रभावित हो सकती है. इसके कारण सांस लेने में काफी ज्यादा समस्या हो सकती है. हार्ट ब्लॉक कई कारणों से हो सकता है, जिसमें हार्ट अटैक, कोरोनरी धमनी रोग (सीएडी), हृदय की मांसपेशी रोग, हृदय वाल्व रोग और दवा के साइड इफेक्ट शामिल हैं. सीएडी एक ऐसी स्थिति है जो हृदय की मांसपेशियों में रक्त के प्रवाह को सीमित करती है. और दिल के दौरे, असामान्य हृदय ताल या दिल की विफलता का कारण बन सकती है.

**चक्कर आना**

दिल की नसों में अगर गंभीर ब्लॉकेज होती है तो इसकी शुरुआत शरीर पर कई तरह के लक्षण दिखाई देते हैं. इसकी शुरुआत मरीजों को चक्कर आने से होती है. यह एक गंभीर और आम समस्या है. इसलिए इसे नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल है. हार्ट ब्लॉकेज के कारण शरीर को कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है.

**हार्ट ब्लॉक क्या है ?**

हार्ट ब्लॉक एक ऐसी समस्या है जिसमें दिल की धड़कन का संकेत आपके दिल के ऊपरी कक्षों से आपके दिल के निचले कक्षों तक जाता है. आम तौर पर, विद्युत संकेत (आवेग) आपके दिल के ऊपरी कक्षों (एट्रिया) से आपके निचले कक्षों (वेंट्रिकल्स) तक जाते हैं. संकेत आपके,ङ्क नोड से होकर गुजरता है. जो कोशिकाओं का एक समूह है जो आपके ऊपरी से निचले कक्षों तक विद्युत गतिविधि को जोड़ता है. अगर आपको हार्ट ब्लॉक है, तो संकेत आपके वेंट्रिकल्स तक कभी-कभार ही पहुंच पाता है.
इसका नतीजा यह होता है कि दिल ठीक से काम नहीं कर पाता. आपका दिल धीरे-धीरे धड़क सकता है या धड़कना छोड़ सकता है. गंभीर मामलों में, हार्ट ब्लॉक आपके दिल की रक्त पंप करने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है. जिससे आपके पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह कम हो सकता है. लोगों में जन्म के समय की तुलना में बाद में हार्ट ब्लॉक होने की संभावना अधिक होती है. हार्ट ब्लॉक के अन्य नाम एट्रियोवेंट्रिकुलर ब्लॉक या चालन विकार हैं.

**हार्ट ब्लॉक के प्रकार के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं-**

**पहली डिग्री :** आमतौर पर कोई ध्यान देने योग्य लक्षण नहीं होते हैं. लेकिन इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) से इसका पता लगाया जा सकता है.

**दूसरी डिग्री :** इसमें चक्कर आना, बेहोशी, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, मतली, थकान और दिल की धड़कन रुकने का एहसास शामिल हो सकता है.

**मोबिट्ज़ टाइप 2:** दूसरी डिग्री हार्ट ब्लॉक का एक अधिक गंभीर प्रकार जो सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और खड़े होने पर अचानक चक्कर आने का कारण बन सकता है.

# जिंदगी बर्बाद कर रहीं ये आदतें, क्या आप भी रोजाना करते हैं ऐसी गलतियां?



हमारी कई आदतें लाइफ में आगे बढ़ने से रोक देती हैं. हर कोई आगे बढ़ना चाहता है. ज्यादा पैसा, आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ी से चलना चाहता है लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों नहीं होता है. इसका कारण है कि हम अपनी कुछ आदतों से इन सपनों को ही नहीं खुद को भी नुकसान पहुंचाते हैं. हमारी डेली लाइफ की कुछ बैड हैबिट्स ही हमारी सेहत और ग्रोथ में दीवार बन गई है.
ऐसे में आज हम आपको कुछ 10 ऐसी बैड हैबिट्स के बारें में बताने जा रहे हैं, जिन्हें अगर सुधार लिया जाओ तो लाइफ में आगे बढ़ने और हेल्दी रहने से कोई नहीं रोक सकता है, वरना जिंदगी बर्बाद हो सकती है.

**पानी कम पीना**

पानी शरीर के लिए बेहद जरूरी है. इससे शरीर हाइड्रेट होता है और त्वचा भी निखरती है. पानी की कमी से थकान, सिरदर्द और कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. एक दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी तो पीना ही चाहिए.

**अनहेल्दी डाइट**

जंक फूड और अनहेल्दी स्नैक्स खाने के शौकीन हैं तो आपका शरीर धीरे-धीरे खोखला होता जाएगा. इससे शरीर को पोषक तत्व नहीं मिलते हैं और इम्यून सिस्टम भी कमजोर होता है. इतना ही नहीं खानपान बेहतर न रहने से मानसिक सेहत भी बिगड़ती है.
फिजिकल एक्टिविटी से दूरी शारीरिक काम करते रहना चाहिए. इससे कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है. फिजिकल एक्टिविटीज न करने से वजन बढ़ता है. इससे हार्ट डिजीज, शुगर और अन्य बीमारियों का खतरा रहता है. नियमित एक्सरसाइज करने से मानसिक सेहत बेहतर होती है.

**वक्त-बेवक्त खाना**

दिन में अगर सही समय पर खाना नहीं खाते हैं तो इसका पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ता है. इससे मोटापा, एसिडिटी और पेट से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं. नियमित समय पर खाने से शरीर का मेटाबॉलिज्म भी बेहतर बनता है.

**स्किन से बेरुखी**

त्वचा की देखभाल यानी उसकी सफाई, मॉइश्चराइजिंग न करने से उम्र का असर जल्दी दिखने लगता है. सही स्कीन केयर न रखने से कई प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं. इससे कॉन्फिडेंस भी कम होता है और स्किन से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं.

**निगेटिव सोच**

अगर आप दिनभर कुछ नकारात्मक ही सोचते रहते हैं तो मेंटल हेल्थ बुरी तरह प्रभावित हो सकती है. इससे स्ट्रेस, डिप्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं. पॉजिटिव सोच लाइफ को बेहतर बनाने और सफलता में मदद करती है.

**खराब बॉडी पोस्चर**

खड़े या बैठने का गलत तरीका शरीर को दिक्कतों से भर सकता है. इससे रीढ़ की हड्डी में दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव और अन्य समस्याएं हो सकती हैं. सही पोश्चर से शरीर के सभी अंगों का संतुलन बना रहती है और सेहत अच्छी होती है.

**तनाव लेना**

बहुत ज्यादा तनाव सेहत की बैंड बजा सकता है. यह मेंटल हेल्थ को कमजोर बना सकता है. इससे दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है. इसलिए ध्यान, योग और एक्सरसाइज को लाइफ का हिस्सा बनाएं.


**दूसरों पर दोष डाल देना**

अगर आप अपनी प्रॉब्लम्स के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराते हैं और खुद की गलतियों पर पर्दा डालते हैं तो इससे सेल्फ टॉलरेंस कम होता है. इसका असर आपके कॉन्फिडेंस पर भी पड़ता है, इसलिए गलतियां स्वीकार कर आगे बढ़ें.

**कुछ नया न सीखना**

सीखने की प्रक्रिया लाइफ का हिस्सा होनी चाहिए. जीवनभर चलने वाली इस प्रक्रिया को न अपनाने वाले एक समय पर ठहराव की स्थिति में आ जाते हैं. उनका मेंटल ग्रोथ रूक जाता है. इससे कई समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए हमेशा कुछ न कुछ नया सीखें, किताबें पढ़ें.

# छोटी मोटी हेल्थ प्रॉब्लम्स में कहीं आप भी तो नहीं खा रहे दवाइयां



जरा सी तकलीफ पर बिना डॉक्टर की सलाह के दवा खाना खतरनाक हो सकता है. कोई भी दवा या एंटीबायोटिक्स तभी लेना चाहिए, जब तक कोई बैक्टीरियल इन्फेक्शन न हो, वो भी डॉक्टर की सलाह पर ही. अगर आप भी बात-बात में दवा खाने के आदी हैं तो अपनी इस आदत को सुधार लें, वरना यही दवाएं आपके शरीर को खतरे में डाल देंगी. दवा खाने से तुरंत दर्द या तकलीफ तो दूर हो जाएगी लेकिन बार-बार दवा खाने का सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है. एक समय तो ऐसा भी आ सकता है कि आपके शरीर पर दवाईयों का असर ही न हो. बार-बार दवा खाने के नुकसान
पिछले कुछ सालों में वायरल बुखार और सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं से आराम के लिए एंटीबायोटिक्स दवाएं, पेनकिलर्स और ओवर द काउंटर दवाओं का सेवन बढ़ गया है. ये दवाईयां फास्ट रिलीफ देती हैं, इसलिए बहुत से लोग बार-बार इनका सेवन करते हैं.
बार-बार दवाएं खाने से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस बढ़ सकता है. जिसमें शरीर में बैक्टेरिया पर एंटीबायोटिक दवाएं बेअसर हो जाती है. इसके बाद आप कितनी भी दवा खा लें, उसका असर आप पर नहं होगा. इससे किसी भी बीमारी का इलाज मुश्किल हो जाएगा.
दवा खाने से तुरंत दर्द या तकलीफ तो दूर हो जाएगी लेकिन बार-बार दवा खाने का सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है. एक समय तो ऐसा भी आ सकता है कि आपके शरीर पर दवाईयों का असर ही न हो.
पिछले कुछ सालों में वायरल बुखार और सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं से आराम के लिए एंटीबायोटिक्स दवाएं, पेनकिलर्स और ओवर द काउंटर दवाओं का सेवन बढ़ गया है. ये दवाईयां फास्ट रिलीफ देती हैं, इसलिए बहुत से लोग बार-बार इनका सेवन करते हैं.
बार-बार दवाएं खाने से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस बढ़ सकता है. जिसमें शरीर में बैक्टेरिया पर एंटीबायोटिक दवाएंबेअसर हो जाती है. इसके बाद आप कितनी भी दवा खा लें, उसका असर आप पर नहं होगा. इससे किसी भी बीमारी का इलाज मुश्किल हो जाएगा.
बिना डॉक्टर की सलाह लिए मेडिकल स्टोर पर जाकर कोई दवा लेकर न खाएं. डॉक्टर टेस्ट करने के बाद ही दवा प्रिस्क्राइब करते हैं. एंटीबायोटिक्स डॉक्टर की सलाह के बाद किसी बैक्टीरियल इन्फेक्शन जैसे- स्किन, दांत में इंफेक्शन होने पर ही लेना चाहिए.
बिना डॉक्टर की सलाह लिए मेडिकल स्टोर पर जाकर कोई दवा लेकर न खाएं. डॉक्टर टेस्ट करने के बाद ही दवा प्रिस्क्राइब करते हैं. एंटीबायोटिक्स डॉक्टर की सलाह के बाद किसी बैक्टीरियल इन्फेक्शन जैसे- स्किन, दांत में इंफेक्शन होने पर ही लेना चाहिए.
बार-बार एंटीबायोटिक दवाईयां लेने के नुकसान 1. शरीर से गुड बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे. 2. जी मिचलाना, पेट दर्द या डायरिया हो सकता है. 3. महिलाओं में वजाइनल यीस्ट इंफेक्शन का खतरा. 4. किडनी खराब हो सकती है. 5. मुंह जीभ पर चकत्ते, स्किन एलर्जी जैसी समस्या 6. डाइजेशन प्रॉब्लम्स 7. दिमागी उलझन होना. 8. हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, इससे जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा. 9. इम्यून सिस्टम कमजोर होना

# तलवों में सरसों का तेल क्यों रगड़ते हैं लोग?

ज्यादातर भारतीयों घरों में खाना बनाने में खासकर सब्जी बनाने के लिए सरसों तेल का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसा माना भी जाता है कि सरसों तेल स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है. सिर्फ इतना ही नहीं यह कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होता है. इसमें हेल्दी फैट्स भी होते हैं. सरसों के तेल में पॉलीअनसेचुरेटेड और मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होता है. जो शरीर के लिए बहुत अच्छा होता है.
इसमें ओमेगा-3, 6 जैसे सैचुरेटेड फैट होते हैं. आज लेकिन आपको हम इसके खाने के नहीं बल्कि तलवे में लगाने के फायदे के बारे में विस्तार से बताएंगे. यह त्वचा को नैचुरल तरीके से मॉइस्चराइज करने का काम करता है. पैर के तलवों पर सरसों का तेल लगाने या मालिश करने से कई स्वास्थ्य से जुड़े फायदे होते हैं. इस आर्टिकल में हम विस्तार से जानेंगे सरसों का तेल लगाने के फायदे. आज हम आपको इसे लगाने का सही तरीका बताएंगे.
सरसों का तेल आयुर्वेद में सेहत के लिए काफी कारगर कहा गया है. इसके सेवन के साथ साथ इसकी मालिश से भी मसल्स को काफी आराम मिलता है. दरअसल सरसों के तेल की मालिश से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है और शारीरिक गतिविधियों में तेजी आती है. ऐसे में अगर आप रात के समय तलवों पर सरसों के तेल की मालिश करेंगे तो पैरों की थकान दूर होगी और आपके माइंड को भी काफी रिलेक्स मिलेगा. ऐसे में आपको भरपूर और गहरी नींद आ जाएगी.
जिन महिलाओं को पीरियड्स के दौरान पेट में ऐंठन और दर्द की शिकायत रहती है, उनको रात को सोने से पहले तलवों पर सरसों के तेल की मालिश करनी चाहिए. इससे पीरियड्स क्रेंप में काफी आराम मिलता है और मसल्स रिलेक्स होते हैं.
जिन लोगों को अनिद्रा यानी इन्सोम्निया की परेशानी है, उनको रात को सोने से पहले सरसों के तेल को गुनगुना करके पैरों पर अच्छी तरह मालिश करनी चाहिए. इससे मानसिक तनाव दूर होता है और रक्त का संचालन स्मूद होता है.इससे बॉडी और दिमाग रिलेक्स होगा और नींद आ जाएगी. जो लोग तनाव और एंजाइटी से ग्रस्त हैं,उनको भी रोज रात को हल्के गर्म सरसों के तेल से पैरों की मालिश करनी चाहिए. इससे तनाव,स्ट्रेस, एंजाइटी से छुटकारा मिलता है और दिमाग को रिलेक्स मिलता है.

# छत्तीसगढ़ में सीबीआई की हद तय: राज्यकर्मियों पर कार्रवाई के लिए लेनी होगी अनुमति, इनके खिलाफ डायरेक्टर कार्रवाई की रहेगी छूट

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों व अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए सीबीआई को राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। सीबीआई ने इसे लेकर अधिसूचना जारी की है। हालांकि सीबीआई को राज्य में इस बात की अनुमति होगी कि वे केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्रों के अधिकारियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ में कहीं भी जांच करने के लिए स्वतंत्र होगी।राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, यह कदम सरकार ने इसलिए उठाया है, ताकि वह अपने शासकीय सेवकों से संबंधित मामलों में नियंत्रण अपने हाथ में रख सके।

राज्य सरकार ने भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान के मुताबिक यह अधिसूचित किया है। राज्य सरकार जो मामले जांच के लिए सीबीआई को सौंपेगी, उन मामलों की ही जांच केंद्रीय संस्था कर पाएगी। बीएनएस के प्रावधान के मुताबिक राज्य सरकार ने यह अधिसूचित किया है। 2001 में राज्य सरकार ने सीबीआई को कार्रवाई के लिए दी थी सामान्य सहमती, लेकिन भूपेश सरकार ने अपने कार्यकाल में सामान्य सहमति को वापस ले लिया था। भूपेश सरकार ने 10 जनवरी 2019 को सीबीआई पर बैन लगाया था।



बदले नियम के मुताबिक राज्य के मामलों में जांच करने कैबिनेट से सीबीआई को अनुमति लेनी पड़ती थी, लेकिन 2023 में बीजेपी सरकार बनने के बाद बैन को हटा दिया। 20 फरवरी 2024 को सीबीआई बैन हटाने के बाद सीजीपीएससी 2021 मामला, महादेव सट्टा एप, बिरनपुर हत्याकांड की जांच सीबीआई को सुपूर्द की गयी। इधर छत्तीसगढ़ में सीबीआई की लिमिट तय होने से राजनीतिक गलियारों में सियासत की बयार बह रही है। छत्तीसगढ़ सरकार का निर्णय राजपत्र में प्रकाशित किया गया है।

सीबीआई पर राजनीतिक हलचल को देखते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि एक तरफ बीजेपी सरकार सीबीआई को एंट्री देती है और दूसरी तरफ राज्य सरकार से अनुमति की बात करती है। ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर लेनदेन चल रहा है उससे बचने के लिए रास्ता निकाला गया है।

हालांकि भाजपा ने इस पर पलटवार किया है। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा है कि सीबीआई जांच में अनुमति लेने के मामले को सोच समझकर फैसला लिया गया है। प्रशासनिक रूप से किस तरह से काम करना है उसके आधार पर सरकार निर्णय करती है। कांग्रेस ने केवल प्रश्न उठाने का काम किया, उत्तर देने का स्वभाव कांग्रेस का नहीं है। 5 साल तक केवल प्रश्न करने का काम किया है, इसलिए आगे भी यही कर रहे हैं।

राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, यह कदम सरकार ने इसलिए उठाया है, ताकि वह अपने शासकीय सेवकों से संबंधित मामलों में नियंत्रण अपने हाथ में रख सके। अगर ऐसा नहीं होगा तो सीबीआई राज्य के किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को जब चाहे भ्रष्टाचार या अन्य किसी आपराधिक मामले संबंधित शिकायत के आधार पर जांच प्रारंभ कर गिरफ्तार भी कर सकती है, लेकिन अब सीबीआई भी राज्य के कर्मियों पर उसी समय हाथ डाल पाएगी, जब उसे ऐसा करने के लिए राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति हासिल होगी।

साथ ही अब ये भी साफ है कि राज्य सरकार के अफसर कर्मियों की किसी भी मामले में गिरफ्तारी तो दूर, जांच भी शुरू नहीं कर पाएगी। राज्य सरकार ने सीबीआई के लिए ये शर्त भी रखी है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित लोकसेवकों से संबंधित मामलों में राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति के बिना ऐसा कोई अन्वेषण नहीं किया जाएगा, जैसा कि केंद्र सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के अफसर, कर्मियों संबंधित मामलों में करने की अनुमति है।

# गुजराती समाज के नवरात्रि गरबा उत्सव में नहीं बजेगा डीजे

**श्री लोहाणा समाज, श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज व श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रीय समाज ने कलेक्टर-एसपी को किया आश्वस्त**



राजनांदगांव। शहर के सर्व गुजराती समाज जिसमें श्री लोहाणा समाज, श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज व श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रीय समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से भेंटकर नवरात्रि पर्व पर गरबा उत्सव में सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया है। इस बैठक में तीनों समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि विगत पचास वर्षों से सर्व गुजराती समाज यह पर्व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में धार्मिक परंपरानुसार मनाया जाता है, ठीक उसी प्रकार इस वर्ष भी मनाया जायेगा।

गुजराती समाज के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि नवरात्रि पर्व हमारे आस्था का केन्द्र है, जिसे सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक वातावरण में गरबा उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें पूरे नौ दिनों तक माताजी की पूजा, आराधना व गरबा के साथ ज्योत जंवारा भी लगाया जाता है। पूरे उत्सव के दौरान सिर्फ समाज के सदस्य ही गरबा खेलते हैं, बाहरी लोगों को किसी प्रकार का प्रवेश नहीं दिया जाता है।

प्रतिनिधि मंडल में लोहाणा समाज के अध्यक्ष दीपक भाई बुद्धदेव, उपाध्यक्ष भरतभाई जोबनपुत्रा, सचिव योगेश कोटक, कोषाध्यक्ष दिनेश भाई साहिता, सूरज बुद्धदेव, पीआरओ मनीष साहिता, श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज अध्यक्ष हीराभाई पटेल, सचिव नरेश भाई पटेल, सहसचिव मनीष पटेल, पवन पटेल, विनय पटेल, श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रीय समाज से अध्यक्ष ईश्वर भाई राठौर, वासुभाई वरू, गिरीश चावड़ा, प्रकाश भाई, सलाहकार प्रफु ल भाई परमार उपस्थित थे। तीनों गुजराती समाज ने जिला एवं पुलिस प्रशासन को गणेश उत्सव एवं विसर्जन में धार्मिक भावना के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आभार व्यक्त किया।

# आयुष्मान भारत योजना: बुजुर्गों के इलाज का पोर्टल तैयार, जल्द होगा ट्रायल

नई दिल्ली। आयुष्मान भारत के तहत 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पोर्टल तैयार कराने का काम पूरा कर लिया गया है और जल्द ही उसका ट्रायल शुरु किया जाएगा। इसके साथ ही नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर वीके पाल की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ डाक्टरों की कमेटी बुजुर्गों के होने वाले बीमारियों और उनके इलाज पर आने वाले खर्च का ब्यौरा जुटाने में लगा है। बीमारियों और उनके इलाज के खर्च का पैकेज तैयार होते ही योजना को लांच कर दिया जाएगा।

## बुजुर्गों को जल्द से जल्द मिलेगा फायदा


आयुष्मान भारत के छह साल पूरे होने पर इसकी उपलब्धियां गिनाते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कैबिनेट के फैसले के मुताबिक बुजुर्गों को जल्द से जल्द इसका इलाज सुलभ कराने पर काम चल रहा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले एक महीने में इसे लांच कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 70 से अधिक बुजुर्गों के इलाज के लिए बीमा कंपनियां स्वास्थ्य बीमा भी नहीं करती हैं, आयुष्मान भारत के तहत उन्हें नई-पुरानी हर तरह की बीमारी का पांच लाख रुपये सालाना तक मुफ्त और कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। एक बार पोर्टल पर बुजुर्ग को अपना पंजीकरण कराने के बाद स्वास्थ्यकर्मी खुद उनका आयुष्मान तैयार कर उन्हें सौंप देंगे। इसके बाद वे पूरे देश में कहीं भी आयुष्मान भारत के तहत पंजीकृत 29 हजार से अधिक निजी और सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त व कैशलेस इलाज करा सकेंगे।

## 35.36 करोड़ लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार आयुष्मान भारत के तहत छह सालों में 35.36 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। इस दौरान अस्पताल में 7.79 करोड़ भर्तियां कर आंखों के आपरेशन से लेकर घुटना बदलने और कैंसर तक का इलाज किया गया है। इन लाभार्थियों को एक लाख सात हजार करोड़ रुपये से अधिक का इलाज मुफ्त उपलब्ध कराया गया है।

# आज 400 भक्त काशी अयोध्या दर्शन के लिए होंगे रवाना



छः दिवसीय होगी यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। महाकाल मंदिर समिति सिंघोला एवं महाकाल भक्त सेना द्वारा 400 भक्तों को काशी अयोध्या दर्शन करने ले जाया जा रहा है। दिनांक आज दोपहर 4:00 बजे महाकाल मंदिर सिंघोला से 400 भक्तों को बस द्वारा दुर्ग रेल्वे स्टेशन रवाना होगी, जहां सारनाथ एक्सप्रेस से बनारस के लिए वे प्रस्थान करेंगे। छः दिवसीय इस यात्रा में काशी और अयोध्या के साथ ही आसपास के धार्मिक स्थलों का भी दर्शन लाभ भक्तों को मिलेगा। महाकाल मंदिर समिति सिंघोला एवं महाकाल भक्त सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष महाकाल के भक्तों को काशी अयोध्या दर्शन करने की योजना रखी गई थी। इसी के तहत 24 सितंबर मंगलवार को 400 भक्तों को लेकर मंदिर से बस रवाना की जावेगी। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# मोर बूथ-मोर अभियान के तहत भाजपा के दिक्कत बूथों में

राजनांदगांव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर रोज नई-नई कवायदें की जा रही है। पार्टी द्वारा घोषित मोर बूथ-मोर अभियान के तहत अब पार्टी अपने दिग्गज नेताओं सहित तमाम बड़े नेताओं को मतदान केन्द्रों पर उताकर इस अभियान को गति देने जा रही है, इसमें पार्टी के सभी नेता बूथों में जाकर पार्टी की ऑनलाईन सदस्यता को अमलीजामा पहनायेंगे। शहर सहित ग्रामीण व जिलेभर में पार्टी के नेता बूथों में जाकर सदस्य बनायेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल जी की जयंती के अवसर पर यह अभियान पूरे प्रदेशभर में चलाया जायेगा, इसी तारतम्य में जिले के मंडल, शक्ति केन्द्रों व मतदान केन्द्रो तक पार्टी के सभी नेता भागीदारी करेंगे। इस अभियान में जिन प्रमुख नेताओं को मतदान केन्द्रों पर जाकर इस अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी दी गई है उनमें पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, भरत वर्मा, अभिषेक सिंह, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, नीलू शर्मा, राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, सुरेन्दर सिंह बन्नोआना, चन्द्रिका डडसेना, दिनेश गॉधी, एम.डी.ठाकुर, हिरेन्द्र साहू, गीता घासी साहू, लीलाधर साहू, अशोक देवांगन, राजेश श्यामकर, आभा तिवारी, आलोक बिंदल, मूलचंद लोधी, लक्की भाटिया, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गिरवर साहू, विनोद खांडेकर, कोमल सिंह राजपूत, प्रदीप गांधी, किशुन यदु, पूर्णिमा साहू, रेखा मेश्राम, किरण वैष्णव, प्रतीक्षा भंडारी, किरण साहू, इन्दुमती साहू, जागृति यदु, आलोक श्रोती, अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, रोहित चन्द्राकर, अमित जैन, जैन कुमार मेश्राम, जागेश्वर साहू, रामकुमार गुप्ता, बोधी राम साहू, अजय पटेल, बोधन साहू सहित अन्य नेता के नाम शामिल है। ये सभी नेतागण बूथों में जाकर मोर बूथ-मोर अभियान को गति प्रदान करेंगे।

# सुरक्षाबलों ने मार गिराए महिला सहित तीन नक्सली, एके-47 सहित हथियार व विस्फोटक बरामद



नारायणपुर। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में सोमवार की शाम मुठभेड़ में सुरक्षा बल ने एक महिला सहित तीन नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने घटनास्थल से एके-47 राइफल सहित हथियार व विस्फोटक बरामद किए हैं। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बल की संयुक्त टुकड़ी को नक्सल विरोधी अभियान पर भेजा था। माड़ क्षेत्र के महाराष्ट्र सीमा से लगे क्षेत्र में जंगल और पहाड़ी के बीच घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने सुरक्षा बल को देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बल की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भाग खड़े हुए।

## किसी जवान के हताहत होने की सूचना नहीं

घटनास्थल की सर्चिंग पर अब तक तीन नक्सलियों के शव व हथियार पुलिस को मिले हैं। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली पीएलजीए कंपनी नंबर पांच व माड़ एरिया कमेटी के हो सकते हैं। मुठभेड़ में किसी जवान के हताहत होने की सूचना नहीं है। मृत नक्सलियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# छुरिया के बाढ़ प्रभावित लोगों ने जिला भाजपा अध्यक्ष के साथ कलेक्टर से मिले

राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों जिलें में हुई भीषण बरसात से ग्रामीण क्षेत्रों का बुरा हाल है, खासकर छुरिया क्षेत्र के ग्रामीण ईलाकों में बरसात कहर बनकर टूटी है, अनेक पुल-पुलियों को नुकसान पहुंचा है, कईयों के घर ढह गये है तथा सड़क मार्ग को भी काफी नुकसान हुआ है, इसको लेकर आज जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों व बाढ़ प्रभावित लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिलकर तत्काल राहत उपाय किये जाने की मांग की।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश को बताया कि ग्राम झिथराटोला, हालेकोसा, भंडारपुर, बनियाटोला, मगरधोखरा क्षेत्र में बाढ़ से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। झिथराटोला से मगरधोखरा का पुल जो झूरानदी में बना हुआ है पूरी तरह टूट चुका है। हालेकोसा, बनियाटोला व भण्डापुर में दर्जनों मकान ढह गये है, हालेकोसा के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकान को काफी नुकसान हुआ है, सैकड़ों कट्टा चॉवल, नमक व शक्कर पानी में भीग गये है। इसी प्रकार भण्डारपुर का पुल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। क्षेत्र के किसान व नागरिक काफी परेशान है। अतएव उन्हे तत्काल राहत प्रदान किया जायें। जिस पर जिलाधीश महोदय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि क्षतिग्रस्त पुल के मरम्मत का कार्य एवं एप्रोच रोड का कार्य प्रारंभ हो जायेगा तथा प्रभावितों की शासन द्वारा पूरी मदद पूल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, पदुम साहू, पति राम साहू, शांता पंचारे, टीकम साहू, संतोष साहू, जेठ कुमार चन्द्रवंशी, हेमंत साहू सहित अनेक लोग शामिल थे।

# जानलेवा आकाशीय बिजली घटना दु:खद-मधुसूदन यादव



**घटना स्थल एवं मेडिकल कॉलेज पहुंचे पूर्व सांसद मधुसूदन**

राजनादंगॉव (दावा)। जिला एवं विकासखंड अंतर्गत ग्राम जोरातराई में जानलेवा आकाशीय बिजली गिरने कि घटना में 8 लोगों की मृत्यु को दुःखद बताते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन ने पीड़ित परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुँचकर स्थानीय जनता से घटना की जानकारी ली एवं मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जाकर भी मृतको के परिजनों से मुलाकात की। पूर्व सांसद ने घटना स्थल पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को आज ही सहायता राशि स्वीकृत करने निर्देशित किया तथा सभी स्कूलों में शोक सभा आयोजित करने के संबंध में कलेक्टर राजनांदगॉव से चर्चा की।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 10वीं सीपीए इंडिया रीजन कांफ्रेंस में किया संबोधन

**सतत् और समावेशी विकास में विधायिका की भूमिका विषय पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन को मिली सराहन**

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात के साथ ही पूरे देश से आये विधायिका के अध्यक्षों के सामने रखे अपने विचार**

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज नई दिल्ली में आयोजित 10वीं सीपीए इंडिया रीजन कांफ्रेंस (दसवें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र की बैठक) में भाग लिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान, उन्होंने सतत् और समावेशी विकास में विधायिका की भूमिका पर अपने विचार साझा किए और विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार से विधायिका एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश और राज्यों के विकास को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने इस बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा के महत्वपूर्ण निर्णयों का भी उल्लेख किया।



डॉ. रमन सिंह ने बैठक के महत्व पर जोर देते हुए कहा, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे मंच न केवल विभिन्न राज्यों के बीच ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि सतत् विकास और समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विधायिकाओं के बीच समन्वय बना रहे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं और उनके द्वारा राज्य के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सार्थक संवाद किया।

# अब मंदिरों में भी होगी प्रसाद गुणवत्ता की जांच, खाद्य विभाग ने दिए आदेश

राजनंदगांव (दावा)। तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में जावनरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाए जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले के बाद अब कई मंदिर में बाहर के प्रसाद पर बैन लगा दिया गया है।

इसी कड़ी में अब डोंगरगढ़ जिले के मंदिरों में प्रसाद की गुणवत्ता की भी जांच होगी। खाद्य एवं औषधि विभाग ने इसके लिए आदेश जारी किया है।



## प्रसाद की गुणवत्ता पर भी सवाल

मिली जानकारी के मुताबिक, प्रसाद का सैंपल लिया जाएगा। वहीं, नवरात्र में मंदिरों में देवभोग घी का प्रसाद में उपयोग किया जाएगा। बता दें कि तिरुपति मंदिर में प्रसाद विवाद के बाद ये फैसला लिया गया है। इधर, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के प्रसिद्ध मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर में बाहरी प्रसाद पर बैन लगा दिया है। मंदिरों में अब घर का प्रसाद और ड्राई फ्रूट का ही भोग लगा सकेंगे।

## सदियों पुराना है मंदिर का इतिहास

मां बम्लेश्वरी शक्तिपीठ का इतिहास 2,200 वर्ष पुराना हैं। प्राचीन समय में डोंगरगढ़ वैभवशाली कामाख्या नगरी के रूप में जाना जाता था। मंदिर की अधिष्ठात्री देवी मां बगलामुखी हैं, जिन्हें मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। जिसे मां बम्लेश्वरी के रूप में पूजा जाता है। मां बम्लेश्वरी के दरबार में पहुंचने के लिए 1100 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। रोप-वे की भी सुविधा है। पहाड़ी के नीचे छोटी बम्लेश्वरी का मंदिर है, जिन्हें बड़ी बम्लेश्वरी की छोटी बहन कहा जाता है। यहां बजरंगबली मंदिर, नाग वासुकी मंदिर, शीतला मंदिर भी है।

आवश्यकता है

टैली साफ्टवेयर बिल बनाने के लिए अकाउंटेंट व काउंटर मैनेजमेंट के लिए युवक युवती की आवश्यकता है।

-: संपर्क :-
स्वस्तिक स्पोर्ट्स एंड म्यूजिकल्स
भगत सिंह चौक, जी.ई. रोड, (राज.) मो. नं.- 7440777791

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com